खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 28 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 282 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

ईद उल अज़्हा की दिली मुबारकबाद

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 | 10 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

ईद-उल-अज़्हा के मौके पर सभी देशवासियों को



दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

## अवकाश सूचना

ईद-उल-अज़्हा के मौके पर 28 मई को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 30 मई 2026 को प्रकाशित होगा। -**प्रबंधक**

# अमेरिका से समझौते का ड्राफ्ट तैयार: ईरान

## कहा: एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवाजाही होगी शुरू, अमेरिका नौसैनिक घेराबंदी हटाएगा

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है।

ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी कहा कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। अमेरिका की तरफ से अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ईरान में 88 दिनों बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल हुईं। नेटब्लॉक्स ने इसे आधुनिक इतिहास का सबसे लंबा राष्ट्रीय इंटरनेट ब्लैकआउट बताया, जिससे कारोबार और डिजिटल सेवाएं प्रभावित रहीं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे में उसकी अनुमति से 23 जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इससे एक दिन पहले 25 जहाजों की आवाजाही की जानकारी दी गई थी। आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही उसकी अनुमति से कराई जा रही है। ईरान की मिजान न्यूज एजेंसी ने अमेरिका-ईरान संभावित शांति समझौते के ड्राफ्ट को लेकर नई जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान के आसपास तैनात अपनी सैन्य ताकत हटाने पर सहमत हुआ है। हालांकि इसमें क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिक और सैन्य ठिकाने शामिल होंगे या नहीं, इस पर अभी बातचीत बाकी है।



- **यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर नहीं होगी लागू**
- **होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे**

# दिल्ली में 45 डिग्री के करीब पहुंचा पारा, येलो अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंचने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है।

राजधानी सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली- एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब बना रह सकता है और 28 मई से पहले राहत की संभावना कम है। महीने के अंत तक पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ इलाकों में आंधी और हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट आ सकती है। आईएमडी के मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार विदर्भ क्षेत्र देश के सबसे अधिक गर्म इलाकों में बना हुआ है। ब्रह्मपुरी में तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस और नागपुर में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने वर्धा, अमरावती और चंद्रपुर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और अगले दो दिनों तक गंभीर हीटवेव की चेतावनी दी है। विभाग ने कहा कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना के कई हिस्सों में भी लू से गंभीर लू की स्थिति बनी रहेगी। पश्चिम राजस्थान और मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। तेलंगाना के 10 जिलों में भी हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की गई है। पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम और खम्मम जिलों में गंभीर लू चलने की आशंका जताई गई है।



- **29 मई को राहत की संभावना**

### प्री-मानसून बारिश 5 जून तक संभव

**नई दिल्ली।** तेज गर्मी से जूझ रहे देश के 80-90 प्रतिशत हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है, क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। यहां 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 एमएम बारिश होने पर मानसून पहुंचने का ऐलान किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एआई की सैन फ्रांसिस्को जा रही फ्लाइट वापस लौटी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की बुधवार को दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रही उड़ान तकनीकी खराबी के कारण आधे रास्ते से दिल्ली लौट आई। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने जारी बयान में बताया कि उड़ान संख्या एआई173 तकनीकी खराबी के कारण तय प्रक्रिया के अनुरूप 27 मई को दिल्ली लौट आई। विमान की दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग हुई।

### असम विधानसभा में पारित हुआ यूसीसी विधेयक

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया। यह कानून धर्म से अलग सभी लोगों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिश्तों से जुड़े मामलों में एक समान कानूनी व्यवस्था लागू करने के लिए लाया गया है। हालांकि, विपक्ष ने मांग की थी कि विधेयक को पहले विस्तृत चर्चा के लिए चयन समिति के पास भेजा जाए।

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की वैधता रखी बरकरार

## कहा: यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से किए गए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वैधता को बरकरार रखते हुए बुधवार को कहा कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया, जिनमें निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले वर्ष जून में बिहार में एसआईआर कराने संबंधी जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा सुनाए गए फैसले में कहा गया कि जब कानून स्वयं चुनाव आयोग को किसी भी समय विशेष पुनरीक्षण कराने का अधिकार देता है, तो केवल इस आधार पर इस प्रक्रिया को अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **नियमों के अनुसार चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है**

### शीर्ष कोर्ट से अमेजन को बड़ी राहत, सीसीआई की तरफ से लगा 202 करोड़ का जुर्माना रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन को बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च अदालत ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के जून 2022 के आदेश को रद्द कर दिया है। आदेश में ई-कॉमर्स कंपनी के फ्यूचर समूह के साथ सौदे को निलंबित करने के सीसीआई के फैसले के खिलाफ अपील की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जिसमें 17 दिसम्बर, 2021 के सीसीआई के अमेजन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और फ्यूचर ग्रुप के साथ उसके सौदे को निलंबित करने के आदेश को भी रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की पीठ ने कहा कि यदि इन आदेशों के तहत अमेजन से कोई राशि जमा कराई गई है या वसूली गई है, तो उसे 8 सप्ताह के भीतर वापस किया जाए।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने की कवायद

**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने तथा उसमें सुधार के उद्देश्य से 25530 करोड़ रुपये की सार्थक जन वितरण प्रणाली 'सार्थक पीडीएस' को बुधवार को मंजूरी दे दी।

सार्थक पीडीएस एक व्यापक योजना है जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्नों की राज्य के भीतर ढुलाई और उचित दर दुकान डीलरों के मार्जिन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता देना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिकीकरण और सुधार योजना (स्मार्ट पीडीएस) को लागू करना शामिल है। सार्थक पीडीएस योजना में 25530 करोड़ की यह राशि पांच वर्ष के लिए जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

- **25530 करोड़ रुपये की सार्थक पीडीएस योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी**





**Recruitment For Teaching Staff**

Required: Assistant Professor For

- B.A. (Education, History)
- M.A. (English, Urdu , Political Science)
- BBA
- BCA

Qualification: As per University/UGC Norms.

Eligible candidates are invited to send their Resume along with a set of self attested copy of all documents either to idcdeoband@gmail.com or by registered post within 15 days. **Experienced Candidates will be preferred.**

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**

Deoband, Distt., Saharanpur

Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur

Contact No. : 9045143298, 8755525452

Email Id- idcdeoband@gmail.com









# किसान यूनियन पदाधिकारियों समेत कई अन्य पर मुकदमा दर्ज

## विद्युतापूर्ति बाधित करने और विभागीय कार्य में हस्तक्षेप का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर थाना क्षेत्र के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सरकड़ा चकराजमल पर कथित रूप से विद्युत आपूर्ति बाधित करने और विभागीय कार्य में हस्तक्षेप करने के मामले में पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के पदाधिकारियों समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई विद्युत विभाग के अवर अभियंता की तहरीर के आधार पर की गई है।


प्राप्त समाचार के अनुसार 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सरकड़ा चकराजमल गांव के बीच स्थित है, जिसके चलते ग्रामीण समय-समय पर अपनी समस्याओं को लेकर उपकेंद्र पहुंचते रहते हैं। विद्युत विभाग का कहना है कि 25 मई 2026 को सुबह करीब 11 बजे भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम सरकड़ा, घनश्याम पांडे निवासी ग्राम सरकड़ा तथा अन्य लोगों के साथ उपकेंद्र पहुंचे। आरोप है कि उपकेंद्र पहुंचने के बाद संबंधित लोगों ने विभागीय कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया और उपकेंद्र से पोषित लगभग 14 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी। इससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए बिजली व्यवस्था प्रभावित रही और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

विद्युत विभाग के अनुसार विभागीय नियमों के तहत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय-समय पर समाधान किया जाता है, लेकिन इस तरह आवश्यक सेवा में बाधा उत्पन्न करना गंभीर मामला है। घटना की सूचना मिलने पर अवर अभियंता मौके पर पहुंचे और समझाइश के बाद धरना समाप्त कराकर विद्युत आपूर्ति को पुनः सामान्य कराया गया। अवर अभियंता रामकुमार ने इस पूरे प्रकरण में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धामपुर थाने में तहरीर दी।

तहरीर में कहा गया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ आवश्यक सेवाओं में बाधा डालने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नजीबाबाद में एक ही दिन में 13 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा

## अस्पताल में लगी मरीजों की कतार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर में आज आवारा कुत्तों का आतंक देखने को मिला। एक ही दिन में 13 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। घायल साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने एंटीरेबीज और टिटनेस के इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज नगर के अलग-अलग इलाकों में आवारा कुत्तों ने लोगों पर हमला कर दिया। देखते ही देखते घायलों की संख्या 13 पहुंच गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर के डा. दिलशाद ने बताया कि आज 21 मरीज कुत्ते के काटने के बाद अस्पताल आए थे। इनमें नजीबाबाद नगर क्षेत्र के 13 मरीज शामिल हैं। घायलों में पंकज, राजू सिंह, वीरेंद्र शर्मा, वीरवती, मीनू, संतोष, मीनू, जगन कुमार, दिनेश शर्मा, मौहम्मद परवेज, पुष्पा अग्रवाल, अवनीत और लक्की शामिल हैं। शेष मरीज ग्रामीण क्षेत्र से आए थे। सभी का इलाज कर घर भेज दिया गया है।

एक ही दिन में इतनी बड़ी संख्या में लोगों पर कुत्ते के हमले की घटना से स्थानीय लोगों में दहशत के साथ नगर पालिका के प्रति रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नगर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन नगर पालिका कोई ठोस कदम नहीं उठा रही।

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

फिलहाल सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने कुत्ते के काटने पर तुरंत रेबीज का इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी है।

## एक नजर

### ताइक्वांडो एकेडमी ने शरबत बांटा



**धामपुर।** एमएस ताइक्वांडो एकेडमी की ओर से ठंडा और मीठे शरबत वितरण का आयोजन किया गया। एमएस ताइक्वांडो एकेडमी कोच दीपिका सिंह शिवानी सिंह ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी पर राहगीरों को राहत देने के लिए लगाए गए इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई और शरबत पिलाने वालों का आभार जताया और बताया कि इस भीषण गर्मी में मीठा शरबत लाना बहुत पुण्य का काम है। इस मौके पर नौरंगाबाद अंबेडकर धर्मशाला के सामने से गुजरने वाले हर राहगीर, रिक्शा चालक और राहगिरों को रोकर ठंडा शरबत पिलाया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम में एमएस ताइक्वांडो एकेडमी कोच दीपिका सिंह एवं शिवानी सिंह एवं उनके खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें कार्तिक कुमार, काजल रानी, शोबित, जिशात सिसोदिया, ज्योति रानी, रामकुमार सिंह, पीयूष आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** श्री राम सभागार में बड़े मंगल दिवस पर शीतल पेय पदार्थ का वितरण एवं सुंदर कांड पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। नगीना चौराहे के निकट स्थित श्रीराम सभागार में शाम को सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। पंडित हर्षवर्धन शर्मा एवं उनके साथियों द्वारा सुंदरकांड का पाठ संगीतमय आयोजित किया गया। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद एवं सहभोज का आयोजन किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर कर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम में डा. एनपी सिंह, डा.शिखा सिंह, ई आशीष सिंह शिखा सिंह, संतोष राजपूत, डा.दीपक देवरा, नरेंद्र सिंह एड., नागेश्वर गहलौत, डा.एके सक्सेना, डा.रवेंद्र सिंह मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी आदि शामिल रहे।

### लैब ट्रेनिंग प्रमाण पत्र वितरित



**धामपुर।** दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलोजी के माइक्रो बायोलोजी विभाग में एक माह की माइक्रोबायालोजी लैब ट्रेनिंग कराई गई थी। जिसमें सभी स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों को लैब ट्रेनिंग कराई गई। जिसके अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग के दौरान क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। क्विज प्रतियोगिता में छात्रा इकरा अजीम पुत्री अजीम अहमद ने प्रथम, छात्रा सनोवर पुत्री तारिक अहमद ने द्वितीय तथा अक्शा पुत्री शमशाद हुसैन ने तृतीय स्थान तथा नाजिश पुत्री सालुददीन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण सभी विद्यार्थियों को उनके भविष्य में बहुत ही उपयोगी साबित होगा। इस मौके पर संस्था के रजिस्ट्रार राजीव कुमार, प्राचार्य डा. दुष्यंत कुमार जैन, अकेडमिक इंचार्ज अमित कुमार विश्नोई, प्राचार्य (फार्मेसी) डा. विमल भारती, विभागाध्यक्ष प्रीति विश्नोई तथा जोली चौहान एवं मानसी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राधा इंटर कॉलेज में समर कैंप का समापन

## बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में हिस्सा लिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राधा इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप का रंगारंग समापन समारोह के साथ समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें डांस, शूटिंग, स्केटिंग, पूल पार्टी, पार्क विजिट, मिक्की माउस एक्टिविटी समेत कई कार्यक्रम शामिल रहे। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बच्चों ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

समर कैंप को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा। गौरी राणा, लकी, श्रेया, दीपाली, दीपा, रीतू और आलिया मैम ने बच्चों को नई-नई गतिविधियां सिखाईं। कैंप में सिमरा, विनिता, अदीना, जहांगीर, नीलाक्ष, काव्यांश, इंशा सहित कई बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समर कैंप का आयोजन विद्यालय प्रबंधन के निर्देशन में मुकेश कुमार, अजीत सिंह और अन्य सहयोगियों की देखरेख में संपन्न हुआ।

# बर्दाश्त नहीं होगा सीच पाल एवं सीच पर्यवेक्षकों का उत्पीडन: चंद्रहास सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उ.प्र. जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में जिला कार्यालय पर सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता द्वारा कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण, एसीआर खराब करने की धमक आदि को लेकर बैठक आयोजित हुई।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सिंचाई खंड में कार्यरत सींच पर्यवेक्षकों की एसीपी बहुत पहले लगाई जानी थी, लेकिन अधिशासी अभियंता की हठधर्मिता के चलते हुए आज तक उनकी एसीपी नहीं लगाई गई, जिसको लेकर सभी संगठनों की संयुक्त बैठक कर उनसे संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद सहित सभी संगठनों ने अनुरोध किया गया था। वार्ता में एक सप्ताह में लगाने के लिए आश्वस्त किया गया था, लेकिन समाधान नहीं किया गया। कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर जिला मंत्री जितेंद्र कुमार, कुलवीर सिंह, ज्ञानेंद्र चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, सुशील कुमार, मुजफ्फर इस्लाम, अशोक कुमार, अमित कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, विजेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# दोनों पक्ष के 30 लोग मुचलका पाबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम बैरामपुर खजूरी में देवस्थल की भूमि पर शव दफनाने को लेकर उपजे विवाद में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के 30 लोगों को मुचलका पाबंद कर दिया है। प्रशासन की सक्रियता के चलते मामला समय रहते सुलझ गया और अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

मंगलवार को गांव निवासी रशीद के निधन के बाद परिजन उनका शव दफनाने के लिए एक स्थान पर कब्र खोद रहे थे। इसी बीच ग्रामीणों को पता चला कि उक्त भूमि कब्रिस्तान की न होकर एक देवस्थल की है, जिस पर उन्होंने कड़ा विरोध दर्ज कराया। विवाद की सूचना मिलते ही धामपुर सीओ अभय कुमार पांडे, नायब तहसीलदार विजय कुमार सिंह और नहटौर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सबसे पहले दोनों पक्षों को शांत किया। राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर ही विवादित भूमि की पैमाइश कराई गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि खुदाई देवस्थल की भूमि पर ही की जा रही थी। प्रशासन के कड़े निर्देशों पर पहले खोदी गई कब्र को तत्काल बंद करवाया गया। इसके बाद, राजस्व विभाग द्वारा कब्रिस्तान की निर्धारित भूमि की सही निशानदेही की गई और परिजनों को शव दफनाने के लिए दूसरी उपयुक्त जगह उपलब्ध कराई गई। नहटौर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दोनों पक्षों के 30 लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है। वर्तमान में गांव में स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

# पीबीएस फूड्स क्षेत्र में गन्ना फसल का निरीक्षण

## आधुनिक खेती और पंचामृत मॉडल अपनाने वाले किसानों की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना विकास विभाग की प्राथमिकताओं और चालू सीजन के डिजिटल गन्ना सर्वे की हकीकत परखने के लिए आज ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर द्वारा पीबीएस फूड्स शुगर मिल क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का दौरा कर गन्ना फसल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विभागीय गतिविधियों, जीपीएस आधारित सर्वे और आधुनिक कृषि पद्धतियों की समीक्षा की गई। जीपीएस युक्त (एचएचसी) मशीन से सर्वे की जांच निरीक्षण की शुरुआत ग्राम खेड़की से हुई, जहां सर्वेयर एवं विभागीय गन्ना पर्यवेक्षक मौके पर उपस्थित पाए गए। चीनी मिल द्वारा वर्तमान में जीपीएस युक्त हैंड हेल्ड कंप्यूटर (एचएचसी) मशीन से पारदर्शी सर्वे कार्य कराया जा रहा है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा रैंडम आधार पर कृषक निजामुद्दीन के प्लॉट की मैनुअल फीते से माप कर क्रॉस-वेरिफिकेशन किया गया। जांच में कृषक का रकबा 0.261 हेक्टेयर पाया गया, जो पूर्व में मापे गए डिजिटल एरिया के बिल्कुल सटीक एवं समीप है। मौके पर फसल के कुछ क्लम्प्स में अर्ली शूट बोरर एवं रूट बोरर का प्रकोप दिखने पर अधिकारी द्वारा किसानों को सिरासगी तथा जैविक नियंत्रण हेतु बवेरिया बैसियाना के प्रयोग की तकनीकी सलाह दी गई। ट्रेंच विधि, ड्रिप इरीगेशन और पंचामृत खेती का जीवंत उदाहरण बताते टीम ने ग्राम अजू नगली का भ्रमण किया। यहां कृषक चरण सिंह एवं सुजीत कुमार के खेतों पर ट्रेंच पद्धति (पैयर्ड रो सिस्टम) से लगाई गई शानदार गन्ना फसल देखी गई। प्रगतिशील किसानों द्वारा जल संरक्षण हेतु खेत में ड्रिप इरीगेशन सिस्टम स्थापित किया गया है। साथ ही, रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने और एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) के तहत सोलर लाइट ट्रैप एवं फेरोमोन ट्रैप लगाए गए हैं, जिनमें भारी संख्या में टॉप बोरर के मोथ (पतंगे) फंसे पाए गए। इस दौरान अधिकारी ने बताया कि कृषक द्वारा अपनी पेड़ी (रटून) फसल में (रटून मैनेजमेंट डिवाइस) के प्रयोग के साथ-साथ ट्रेस मल्चिंग (गन्ने की पत्तियों को खेत में फैलाना) की बेहतरीन प्रैक्टिस की जा रही है, जो शासन के महत्वाकांक्षी पंचामृतश खेती मॉडल की दिशा में एक बड़ा और अनुकरणीय कदम है।

निरीक्षण के दौरान महिला सशक्तिकरण और उन्नत बीज कार्यक्रम के अंतर्गत पंचशील महिला स्वयं सहायता समूह (बसेड़ी) द्वारा तैयार व वितरित की गई उन्नत गन्ना प्रजातियों की पौध का भौतिक सत्यापन किया गया। ग्राम अज्जू नंगली और गंज में समूहों द्वारा तैयार कॉस 19231, कॉस 18231 और कोलक 16202 प्रजातियों की सीडलिंग का रोपण खेतों में अत्यंत सफल पाया गया।

दौरे के अंतिम चरण में ग्राम तिगरी में चल रहे गन्ना सर्वे की जांच की गई, जहां डेटा मौके से ही ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड होता पाया गया।

# हर घंटे दो छात्र कर रहे आत्महत्या शिक्षा व्यवस्था चौपट : एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा है कि देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है। कुमार ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा कि देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले 'कॉमेडी' हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती। हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

पुनरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू का पूरी तरह पालन नहीं करती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी सुविचारित राय में यह विवादित एसआईआर 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है, बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर अनुच्छेद 324 के तहत दिए गए संवैधानिक आदेश में नई जान डालता है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बढ़कर कोई कार्य किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक आवश्यकता को आगे बढ़ाता है। न्यायालय के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं। वे मूल रूप से मतदाता सूची की सटीकता और विश्वसनीयता पर आधारित होते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। पीठ ने कहा कि विस्तृत विचार के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने अथवा संशो. धित करने की प्रक्रिया में नागरिकता से जुड़े प्रश्नों की जांच करने का अधिकार है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी जांच केवल मतदाता सूची में नाम शामिल करने अथवा हटाने तक सीमित उद्देश्य से ही की जा सकती है और यह प्रक्रिया उस मतदाता के पक्ष में लागू पूर्वधारणा का सम्मान करते हुए की जानी चाहिए, जिसका नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज है। न्यायालय ने कहा कि आयोग केवल चुनावी प्रयोजनों के लिए उपलब्ध सामग्री का आकलन कर निर्णय ले सकता है।

# मई-जून के लिए स्कूली बच्चों व परिजनों को म्यूजियम एवं स्मारकों में प्रवेश निशुल्क

मुहम्मद जान तुर्की



लखनऊ। विश्व की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र हित में सभी को अपना योगदान करने का आह्वान किया था। इसी क्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों के साथ 13 मई, 2026 को बैठक करके प्रधानमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है। जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है उसके उपयोग में मितव्ययिता बरती जाये और इस पर आने वाले व्यय को 50 प्रतिशत के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किये जाये।

पर्यटन मंत्री ने एक ही रूट पर रहने वाले अधिकारियों को एक ही गाड़ी का उपयोग करने तथा शासकीय भ्रमण आदि के लिए संयुक्त रूप से एक ही वाहन उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अधिकारी गण पब्लिक ट्रांस्पोर्ट, मेट्रो का उपयोग करें। कार्यालय में बिजली का उपयोग भी न्यूनतम किया जाए और एसी का उपयोग भी कम किया जाए। अवकाश के दिनों में कार्यालयों को अपरिहार्य स्थिति में ही खोला जाए। जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश करने के निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की विद्यमान अपार संभावनाओं को देखते हुए पीपीपी योजना में लीज पर दी गई इकाइयों एवं पर्यटक आवास गृहों में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृहों, होटलों में मई एवं जून 2026 में बच्चों एवं परिवार के यात्रियों को 20 से 25 प्रतिशत छूट प्रदान करने को कहा है।

# गायत्री प्रजापति के आवास पर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

**अमेठी।** अमेठी में समा. जवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के आवास पर हमले और हंगामे का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर शाम अमेठी नगर स्थित आवास विकास कॉलोनी में हुई, जहां वर्तमान विधायक महाराजी प्रजापति अपने परिवार के साथ रहती हैं। पूर्व मंत्री के बेटे अनुराग प्रजापति ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत (रुपये) | अग्रिम धन (रुपये) | निविदा फॉर्म की लागत (रुपये) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SNT-SigLC-Interlocking-MB इंटरलॉकिंग ऑफ एल सी गेट्स टी यू बी >20000 इन दा सेक्शन ऑफ एडीएसटी/मुरादाबाद ऑफ मुरादाबाद डिवीजन | 7,94,93,467.37 | 15,89,900.00 | Nil | 18.06.2026 15:00 |

नोट: निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

Tender Notice : SNT-SigLC-Interlocking-MB Date: 25.05.2026 1789/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा का जिला मंत्री प्रभात यादव बर्खास्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपा ने महिला डॉक्टर का रेप करते हुए उसका मानसिक उत्पीड़न करने के आरोपी अपने जिला मंत्री प्रभात यादव को बर्खास्त कर दिया है। प्रभात यादव प्रकरण से भाजपा की जबरदस्त किरकिरी हो रही है।

गौरतलब है कि थाना चांदपुर में कल डॉ. चेतना चौधरी पत्नी स्व. डॉ. सचिन चौधरी निवासी राजवंश क्लीनिक मदर चाइल्ड केयर सैंटर ने तहरीर दी थी कि उनके पति की मृत्यु 29 जुलाई 2025 को हुई थी। जिसके बाद से प्रभात यादव निवासी ग्राम रौनिया का अपनी पत्नी के साथ आना-जाना मरीजों की वजह से बढ़ गया था। प्रभात यादव ने मुझे खाने के पदार्थ में कुछ नशीला पदार्थ मिला कर दे दिया और मेरी बेहोशी की हालत में मेरे कुछ अश्लील फोटो व वीडियो अपने मोबाइल में ले लिए। जिसके बाद उन फोटो व वीडियो को दिखा



## अश्लील फोटो और वीडियो से ब्लैकमेलिंग

कर कुछ धन की मांग की व जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद से वह कुछ दिन तक उसके द्वारा मेरा शारीरिक शोषण व मानसिक उत्पीड़न किया गया। इसके उपरांत मैंने यह बात अपने ससुराल पक्ष व मायके वालों को बताई। तहरीर में उसने कहा कि मैं प्रभात यादव के खिलाफ शख्त कार्यवाही चाहती हूं और यह निर्णय सभी के सामने लिया गया है। डॉ. चेतना चौधरी ने सुरक्षा की भी मांग की है। पुलिस ने ग्राम रौनिया, थाना हीमपुर दीपा निवासी प्रभात यादव के विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 312/2026 धारा 123, 308 (2), 351(3) व 75 (2) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज की है।

दूसरी तरफ प्रभात यादव प्रकरण में भाजपा की जबरदस्त किरकिरी हो रही है। बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा के जिला मंत्री की शर्मनाक करतूत सामने आने के बाद जम कर फजीहत हो रही है। इसे देखते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने उन्हें तत्काल पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व सभी दायित्वों से निष्कासित कर दिया है। यह घटना सामाजिक क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# दहशत का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद

**बढ़ापुर।** ग्राम चौहड़वाला में लंबे समय से ग्रामीणों के लिए दहशत का पर्याय बना खूंखार गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के पकड़े जाने से गांव समेत आसपास के क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।

बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से गुलदार गांव और आसपास के इलाकों में लगातार दिखाई दे रहा था, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। स्थिति को गंभीर देखते हुए वन विभाग की टीम ने गांव में पिंजरा लगाया था, जिसमें देर रात गुलदार कैद हो गया। गुलदार को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुलदार का रेस्क्यू कर अपने कब्जे में लिया।

वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और जंगल क्षेत्र की ओर अकेले न जाने की अपील भी की।

# रहीश हत्याकांड में उत्तराखण्ड के चार को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे/एफटीसी सैकेंड ने रईस हत्याकांड में मृतक की पत्नी दिलशाना सहित चार को उम्र कैद व चालीस हजार रुपए अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 28 अगस्त, 2024 को थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम मथुरापुर में खेत के किनारे पानी की नाली में एक अज्ञात पुरुष का शव मिला था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लिया था। मृतक का गला दुपट्टे से बंधा हुआ था। मृतक की गर्दन भी कटी हुई थी और शरीर पर नुकीले हथियार के निशान थे। घटनास्थल से पेपर कटर चाकू भी बरामद हुआ था। पंचायतनामा व पोस्टमार्टम के बाद थाना नजीबाबाद में मुकदमा अपराध संख्या 445/2024 धारा 103(1) बीएनएस में अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। जांच के दौरान मृतक की शिनाख्त रहीश पुत्र अकबर निवासी ग्राम सुल्तानपुर आदमपुर, थाना

## पत्नी दिलशाना भी अभियुक्तों में शामिल

लक्सर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई थी। विवेचना में अभियुक्त जावेद अली पुत्र मौहम्मद यामीन निवासी ग्राम सुल्तानपुर आदमपुर, थाना लक्सर, आकाश पुत्र मनोज कुमार निवासी थाना पथरी, जनपद हरिद्वार, अब्दुल वाहिद पुत्र नईमुद्दीन निवासी ग्राम कैथल, थाना पथरी एवं मृतक की पत्नी दिलशाना के नाम प्रकाश में आए थे। नजीबाबाद पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था।

अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में सशक्त पैरवी की गई। न्यायालय एडीजे/एफटीसी सैकेंड ने चारों अभियुक्तों को आजीवन कारावास व चालीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## एक नजर

### ईद पर गर्मी का असर



**बिजनौर।** स्योहारा के समाजसेवी हसीनुद्दीन अंसारी ने कहा कि ईद उल अजहा नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगती है। कुर्बानी के जानवर खरीदने, घरों की साफ-सफाई करने और त्यौहार की तैयारियों में नागरिक जुट जाते हैं। लेकिन इस बार भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलों को थोड़ा बढ़ा दिया हैं। तेज धूप और लू के चलते बाजारों में दिन के समय भीड़ कम देखने को मिल रही है। नागरिक सुबह जल्दी या शाम को ही खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। खासकर जानवरों के बाजार में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है। बकरों और अन्य जानवरों को भी इस गर्मी से बचाना एक बड़ी जिम्मेदारी बन गई है। पशु पालक उन्हें ठंडी जगह पर रख रहे हैं और पानी की पर्याप्त व्यवस्था कर रहे हैं। घर की तैयारियों में भी गर्मी बाधा बन रही है। किचन में काम करना मुश्किल हो जाता है। वहीं बिजली कटौती की समस्या लोगों को और परेशान कर रही है। ऐसे में लोग हल्के और आसान व्यंजनों की तैयारी पर ध्यान दे रहे हैं, ताकि ज्यादा समय गर्मी में न बिताना पड़े। हालांकि गर्मी अपनी जगह है, लेकिन त्यौहार की खुशी कम नहीं हुई है। लोग पूरी उत्साह और भाईचारे के साथ ईद उल अजहा मनाने की तैयारी कर रहे हैं। यही इस त्यौहार की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि हर हाल में खुशियां बांटी जाती हैं।

### एसडीएम ने किया ईदगाह का निरीक्षण



**बिजनौर।** ईद उल अजहा के मद्देनजर उपजिलाधिकारी सदर रितु रानी द्वारा नगर पंचायत झालू क्षेत्र में ईदगाह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था, वाटर कूलर, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल, अवर अभियंता, लिपिक अनुज अग्रवाल एवं सफाई कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा संबंधित कर्मचारियों को पर्व के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

### बिजनौर में सलीम व वसीम अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने ग्राम शादीपुर डल्ला निवासी वसीम उर्फ चुनवा व सलीम पुत्रगण इदरीश को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ 13 जनवरी 2026 को ग्राम के ही निवासी आदिल पुत्र शाहिद ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में कुल सात लोगों को नामजद किया गया था।

### अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस

**स्योहारा।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचसी एवं ब्लॉक के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम डीसीपीएम पूनम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सीएचसी अधीक्षक डा. बीके स्नेही ने बताया कि किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा सेनेटरी पैड वितरित किए गए। साथ ही खून की जांच एवं टीडी टीकाकरण भी कराया गया। इस वर्ष की थीम मासिक धर्म अनुकूल विश्व के लिए एक साथ रही। इस दौरान एआरओ आलोक कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश फार्मासिस्ट, योगेश कुमार, हरीश कुमार, प्रदीप रावत, शालिनी विश्नोई, राशि, हरिओम सिंह, आकांक्षा, संगीता, रेणु, मानसी, आरती, दुशाला सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# हादसे में फारूक की मौत से परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** ईद उल अजहा से एक दिन पहले हादसे में बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला नई बस्ती निवासी फारूक (30 वर्ष) पुत्र हबीब बाइक से किसी काम से धामपुर जा रहा था। रास्ते में ही अचानक अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे फारूक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल फारूक को पुलिस ने राहगीरों की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया। लेकिन अस्पताल में पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। फारूक की मौत की खबर सुनकर परिवार वालों में कोहराम मच गया। फारूक सात बहन-भाईयों में से तीसरे नंबर का था। उसकी अचानक मौत से घर में मातम



## ईद से पहले मिला दर्द

छाया हुआ है। फारूक ईद मनाने के लिए चार दिन पहले ही दिल्ली से अपने घर वापस आया था। दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। किसी को क्या पता था कि ईद से एक दिन पहले उसके साथ यह हादसा हो जायेगा। उसको देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। बेटे की मौत से मां-बाप सदमे में हैं। उनका रो-रो कर बुरा हाल है।

# कांग्रेसियों ने नेहरू को दी श्रद्धांजलि

## देश के विकास में उनके योगदान की सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर देश के विकास में उनके द्वारा दिए गए योगदान की सराहना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार जिला कार्यालय पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके देश निर्माण, लोकतंत्र की मजबूती, वैज्ञानिक सोच और आधुनिक भारत के निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, उद्योग और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत नींव प्रदान की। उनके द्वारा स्थापित संस्थान आज भी भारत की प्रगति और विकास की पहचान बने हुए हैं। उन्होंने युवाओं को देश निर्माण में आगे आने का संदेश दिया और भारत को आधुनिक सोच की दिशा प्रदान की।

दूसरी तरफ भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की धर्मपत्नी एवं संघर्ष, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति रमाबाई अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर भी कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करते हुए माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि रमाबाई अम्बेडकर ने कठिन परिस्थितियों में डॉ. अम्बेडकर के संघर्षों में महत्वपूर्ण सहयोग दिया और समाज के लिए उनके त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया काजी आतिफ अली ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को लोकतंत्र, शिक्षा और आधुनिक विकास की जो दिशा दी, वह आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने का आहवान किया। शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव मौहम्मद हनीफ एवं ब्लॉक अध्यक्ष मौहम्मदपुर देवमल गुलशन कुमार ने युवाओं से कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जुड़ने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय और भाईचारे की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने पंडित नेहरू की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि आज देश को उनके विचारों और दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता है। साथ ही रमाबाई अम्बेडकर के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश भी दिया।

कार्यालय अध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा कि देश के अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़कर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा हमेशा युवाओं, किसानों, मजदूरों एवं आम जनता के हितों की आवाज रही है।

इस मौके पर रिहान, पुष्पेंद्र, मंसूर खान, बबलू, शब्बू, फरमान, जावेद, रईस, शाह आलम, इलियास सहित अन्य कांग्रेसी जन मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशहित, सामाजिक समरसता एवं संविधान की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहने का संकल्प लिया।

# प्रेमजाल में फंसाकर युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पुलिस ने युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़िता के परिजनों द्वारा युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की विवेचना के दौरान आरोपी कार्तिक पुत्र जयकुमार निवासी ग्राम रंडोल, थाना बेहट, जनपद सहारनपुर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक उमेश चंद्र, कांस्टेबल अमित भाटी तथा कांस्टेबल सुरेश राणा शामिल रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है।

# भाकियू की बैठक में संगठन विस्तार पर व्यापक चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की महत्वपूर्ण बैठक वरिष्ठ कार्यकर्ता रजनीश शर्मा के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक में किसानों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, किसानों की समस्याओं तथा आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन हमेशा किसानों की आवाज बनकर संघर्ष करती रही है और आगे भी किसानों के सम्मान एवं अधिकारों के लिए आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे ब्लॉक महासचिव शुभम राणा ने संगठन की नीतियों एवं किसान हितों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। इस मौके पर रजनीश शर्मा की भूमिका विशेष रूप से चर्चा का केंद्र रही। उनके प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में क्षेत्र के कई लोगों ने संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD AJIM से बदल कर AZEEM AHMAD S/O NASIM AHMAD निवासी मौहल्ला नौमी बढ़ापुर, बिजनौर-246724 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।




# पीडब्ल्यूडी की भूमि पर खड़े पेड़ काटे

**कालागढ़।** कादराबाद में पीडब्ल्यूडी की भूमि पर खड़े विशालकाय पेड़ों को प्रॉपर्टी डीलर्स ने रातों-रात काटकर नष्ट कर दिया। मामले में भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं विद्युत विभाग ने भारतीय विद्युत विभाग अधिनियम 136 के तहत बिजनौर में मुकदमा दर्ज किया है। वन दरोगा सत्यवीर सिंह यादव ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की भूमि पर वन विभाग के सैकड़ों विशालकाय खड़े थे। प्रॉपर्टी डीलर्स ने बिना अनुमति के सड़कों के किनारे खड़े सैकड़ों पेड़ों को तहस-नहस कर लाखों रुपए के राजस्व हानि की है। वहीं चोरी छुपे इन पेड़ों को आधा काट कर छोड़ देने से बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बढ़ गई है। गौरतलब है कि कालागढ़-अफजलगढ़ मार्ग पर सैकड़ों यूकेलिप्टिस के विशालकाय पेड़ खड़े हुए थे। लेकिन सड़क किनारे दुकान व आवासों का निर्माण करने वाले व्यक्तियों ने पेड़ों को बिना अनुमति के कैमिकल डालकर या तो सूखा दिया या रात के अंधेरे में आरा चला दिया। इसके पश्चात भी इन पेड़ों को काटने वालों पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं हो पाई।

# ईद उल अजहा की दिली मुबारकबाद

### ईद उल अजहा पर गंगा-जमुनी तहजीब दिखाए : कासिम



**बिजनौर।** मौहल्ला बुखारा निवासी वरिष्ठ समाजसेवी व पत्रकार एम कासिम अंसारी ने कहा कि ईद उल अजहा का त्यौहार बुराईयों को छोड़ने और ऊपर वाले के हुक्म पर कुर्बानी का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र त्यौहार पर सभी को गंगा जमुनी तहजीब अमल में लाकर दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई ऐसा काम न करें, जिससे भाईचारा खत्म हो।


ईद उल अजहा की सभी नागरिकों को

मुबारकबाद



महफूज हसन


पूर्व ब्लॉक प्रमुख- नहटौर
चेयरमैन-महमूद हसन मैमोरियल चैरिट्रेबल ट्रस्ट
निवास- ग्राम दुगरी, नहटौर, जनपद-बिजनौर





ईद उल अजहा की अवाम, धामपुर विधानसभा क्षेत्र के हरदिल अजीज वोटरों एवं आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को

मुबारकबाद





जावेद अली

जिला संगठन मंत्री व धामपुर विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी, आजाद समाज पार्टी, जनपद-बिजनौर



ईद उल अजहा की सभी नागरिकों, किसान भाईयों, संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित तमाम समर्थकों को

मुबारकबाद



अब्दुल गफ्फार

जिला प्रचार मंत्री- भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)
निवासी- कोतवाली देहात, जनपद बिजनौर


### सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र गुल मौहम्मद मेरे कहने में नहीं है। मेरे व परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। समझाने पर सुनवा नहीं है। उसकी हरकतों से तंग आकर मैंने व मेरे परिवार ने उससे ताल्लुक वास्ता समाप्त कर लिया है और मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**मौ. अलीम पुत्र मौ. यूनुस निवासी ग्राम जट नंगला गढ़ी, थाना नगीना देहात, जिला बिजनौर**

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी माता श्रीमती नरेशो देवी पत्नी स्व. जयपाल सिंह निवासी ग्राम रोशनपुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर की मानसिक स्थिति खराब होने का कुछ व्यक्ति दुरुपयोग कर मेरी पैतृक सम्पत्ति का बैनामा कराने की फिराक में है। जिसका किसी भी व्यक्ति को बिना बटवारा बैनामा कराने का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई व्यक्ति बैनामा कराता है, या कोई लेन-देन करता है, तो उसका उत्तरदायित्व स्वयं का होगा।

**1. मनोज, 2. मुकेश पुत्रगण जयपाल निवासीगण ग्राम रोशनपुर जागीर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर**


सभी ग्रामवासियों को ईद उल अजहा की

दिली मुबारकबाद



मकसूद अहमद अंसारी (ठेकेदार)

संभावित प्रत्याशी प्रधान पद-राजा का ताजपुर
M. 7417060635







**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**
संख्या: /न.पा.परि.बि. /2026-27 दिनांक:- 23.05.26

**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916**

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-608 मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री राजेश्वर प्रसाद पुत्र देवकी प्रसाद के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में आवेदक श्रीमती अनुभां जैन पत्नी श्री आलोक जैन निवासी मौ. नई बस्ती बी-14, बिजनौर के द्वारा बैनामे व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**




# सभी को ईद उल अजहा की दिली मुबारकबाद

ईद उल अजहा की
दिली मुबारकबाद



एकता का
राज चलेगा
हिन्दू मुस्लिम
साथ चलेगा



हाजी मौ. आमिर
प्रत्याशी
नगर पालिका परिषद, स्योहारा

हाजी मौहम्मद इल्यास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
मुरादाबाद

ईद उल अजहा की
दिली मुबारकबाद





हाजी नईम उल हसन
पूर्व सपा विधायक
नूरपुर

नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरीयान, स्योहारा


## एक नजर

### भाकियू टिकैत ने खोला मोर्चा



**नहटौर।** भाकियू (टिकैत) ने खाद की किल्लत और किसानों के शोषण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय किसानों ने हाल ही में प्रशासनिक अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें किसानों ने अपनी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की है। किसानों ने उत्तर सहकारी समिति, नहटौर में डीएपी और यूरिया खाद की अनुपलब्धता की शिकायत की है। उनका कहना है कि खाद की कमी के कारण खेती का कार्य बाधित हो रहा है। यूनियन ने पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित करने की मांग की है। किसानों ने यह भी मांग की है कि खाद के साथ समितियों द्वारा उन्हें जबरदस्ती कोई भी रासायनिक दवा न बेची जाए। इसके अतिरिक्त, श्ऋण सीमाश (क्रेडिट लिमिट) बनाने के नाम पर किसानों को कार्यालयों के चक्कर लगवाकर परेशान न किया जाए। पिछले वर्ष लिए गए ऋण पर 7 प्रतिशत की दर से वसूले गए ब्याज की सब्सिडी राशि को जल्द से जल्द किसानों के खातों में वापस भेजने की मांग भी की गई है। किसान आईडी के नाम पर किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न करने का आग्रह भी ज्ञापन में शामिल है। इस मौके पर विकास चौधरी के साथ मुनेश अहलावत, पुनीत तुषियार, विजयपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, जैनेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, रोहित राणा, महीपाल सिंह, सुनील कुमार और अरविंद कुमार सहित कई किसान मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवती की मौत



**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर फतेहपुर मंदिर के पास रोडवेज बस ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर पीछे बैठी युवती की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गया। ग्राम खतापुर निवासी विशाल कुमार बाइक से अपनी फुफेरी बहन संजना (17 वर्ष) निवासी मौहल्ला कोठी बाजार, बढ़ापुर के साथ बढ़ापुर से अपने गांव खतापुर लौट रहा था। नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर फतेहपुर मंदिर के पास पहुंचते ही, पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विशाल और संजना सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तुरंत नहटौर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने संजना को मृत घोषित कर दिया। संजना के परिवार में एक छोटा भाई है। नहटौर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।






### जंगल में मिला युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम छजुपुरा सादात के समीप जंगल में एक युवक का शव मिलने से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं बनी रहीं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत विषाक्त पदार्थ के सेवन से होना बताया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बल्दिया निवासी राजेंद्र सिंह का 23 वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार का शव आज छजुपुरा सादात के जंगल में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते से गुजरते समय उन्हें तेज दुर्गंध महसूस हुई। आसपास तलाश करने पर खेत के पास युवक का शव दिखाई दिया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान युवक के पास से सल्फास के खाली रैपर मिलने की बात सामने आई है। इसके आधार पर पुलिस जहरीला पदार्थ खाने की आशंका मानकर जांच कर रही है।

वहीं कुछ ग्रामीण सर्पदंश की संभावना भी जता रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक रिपोर्ट में विषैले पदार्थ के प्रभाव से मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत जहरीला पदार्थ के सेवन से होना बताया गया है।

## युवती को जेवर व नकदी समेत बहला-फुसला कर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नहटौर। थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां ग्राम फुलसंदा गंगदास से एक युवती को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर कार से ले गए। आरोपी घर से नकदी और जेवर भी ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि यह घटना 20 मई 2026 की रात करीब 1 बजे हुई। उस समय उनकी पत्नी और 19 वर्षीय बेटी घर पर थी।

शिकायत के अनुसार शादाब पुत्र हनीफ, सुहेब पुत्र सलामु, दानिश पुत्र तस्लीम (निवासी ग्राम साहनपुर) और एक अज्ञात व्यक्ति ने घर का दरवाजा खटखटाया। जैसे ही उनकी बेटी ने दरवाजा खोला। आरोपी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले लिया।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी युवती को ले जाने के साथ-साथ घर में रखी नकदी और कीमती जेवर भी ले गए।

घटना के बाद परिजनों ने अपनी बेटी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित पिता ने नहटौर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और अपनी बेटी को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


ईद उल अजहा
की सभी को
दिली
मुबारकबाद



खलीक चौधरी
कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता
मौहल्ला मुस्लिम चौधरीयान
स्योहारा, जनपद बिजनौर

ईद उल अजहा की सभी को
दिली मुबारकबाद





चौधरी फहीम उर रहमान
पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेस
कुरी हाउस, स्योहारा

वली उर रहमान
युवा कांग्रेस नेता
चौधरी मोटर्स शोरूम

ईद उल अजहा की सभी को
दिली मुबारकबाद





मौ. अकरम अंसारी
भाजपा नेता

मौ. अदनान अंसारी
इंडियन बेकरी

इकबाल नगर, स्योहारा

ईद उल अजहा की सभी को
मुबारकबाद





डॉ. जुनेद जैदी
डॉ. शीबा जैदी
जैदी क्लीनिक
मौहल्ला मिल्कियान, स्योहारा

ईद उल अजहा
की सभी को
दिली
मुबारकबाद



शहजाद अली
ग्राम प्रधान अलादीनपुर, स्योहारा
समाजसेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले

ईद उल अजहा
की सभी को
दिली
मुबारकबाद



शमीम अहमद
उर्फ शब्बू
मौहल्ला मिल्कियान
स्योहारा, जनपद बिजनौर

ईद उल अजहा
की सभी को
दिली
मुबारकबाद



नासिर उर्फ आदिल चौधरी
पूर्व प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक मोर्चा कांग्रेस
प्रोपराईटर-चौधरी ऑटो टीवीएस शोरूम
पता: कुरी हाऊस, स्योहारा

ईद उल अजहा
की सभी को
दिली
मुबारकबाद



इफ्तेखार अहमद
बसपा नगर अध्यक्ष
मौहल्ला शेखान, स्योहारा

# ईंधन की कीमतों में वृद्धि का आम आदमी की जेब पर असर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विगत दस दिनों से पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसका असर आम जनता की जेबों पर साफ नजर आने लगा है।

तेल ओर सीएनजी की बढ़ती कीमतों ने ट्रांसपोटरों को भाड़ा बढ़ाने के लिए मजबूर कर दिया है। परेशान ट्रांसपोर्ट एसोसिएशनों ने माल भाड़े में 25 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। ईंधन की बढ़ोतरी के बाद ट्रकों के जरिए एक शहर से दूसरे शहर पहुंचने वाले सभी सामानों की कीमतों में वृद्धि तय मानी जा रही है, इसका असर उपभोक्ताओं पर पड़ना स्वभाविक है। ट्रांसपोर्टर जतिन मदान ने बताया कि डीजल का दाम 87.80 रुपये प्रति लीटर था, जो 10 दिनों में बढ़कर 95.35 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट कारोबार पहले से ही बढ़े टोल टैक्स, सख्त नियमों और अन्य खर्चों से जूझ रहा है, अब जबकि ईंधन की इस तेजी ने हालात और मुश्किल कर दिए हैं। ट्रांसपोर्ट कारोबारी गुलाटी ने बताया कि लंबे समय से माल भाड़े में बड़ी बढ़ोतरी नहीं की गई थी, लेकिन अब परिस्थितियों ने मजबूरी में यह कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि बिना भाड़ा बढ़ाए गाड़ियों का संचालन लगभग असंभव हो गया है।




बहजोई। महंगाई, बेरोज़गारी और नीट परीक्षा पेपर लीक आदि के विरोध में ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट जाते सपाई एवं जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपते सांसद, जिलाध्यक्ष व अन्य सपा नेता।

# डीएम कार्यालय पर पुलिस से नोंक-झोंक के साथ सपाइयों ने महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल/बहजोई।** देर से ही सही सपाइयों को मेंहगाई और पेपर लीक व कथित दमनकारी बुल्डोजर जस्टिस कार्यवाही के विरोध की याद आ ही गयी। सड़कों पर उतरे सपाइयों ने प्रदेश व केन्द्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे सपाइयों की बहजोई पुलिस से नोंक-झोंक हो गयी। सपाइयों ने ज्ञापन सौंपकर महामहिम राष्ट्रपति से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की।

बुधवार को सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली खान, और लोकसभा सांसद जियाउर्रहमान बर्क व जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी तथा विधायक पुत्र सुहैल इकबाल एवं चन्दौसी विधानसभा की उपविजेता विमलेश कुमारी सपाइयों के हुजूम के साथ ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे। सपाइयों ने केंद्र और राज्य सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सिलेंडर, बिजली, खाद्य तेल, चावल और खाद जैसी आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छूने से गरीब और मध्यम वर्ग के सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जब आम जनता अपनी आवाज उठाती है, तो सरकार द्वारा उनका उत्पीड़न किया जाता है तथा युवाओं और किसानों की समस्याओं को लेकर घेरा सपा ने युवाओं और किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार पर कड़े प्रहार किए। जबकि पेपर लीक और बेरोजगारी नीट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने का मुद्दा उठाया। सपा का आरोप है कि विरोध करने वाले शिक्षित बेरोजगार युवाओं की तुलना कथित तौर पर काकरोच से करके उनका अपमान किया जा रहा है। किसानों को समय पर खाद न मिलने और खाद के बढ़ते दामों के कारण कृषि संकट गहरा गया है। इसके अलावा फसलों का वाजिब दाम न मिलने से किसान परेशान हैं। सपाइयों ने लाठीचार्ज और बुलडोजर के दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग से जुड़े लोगों, शिक्षकों और वकीलों

**0कथित दमनकारी बुलडोजर जस्टिस कार्रवाई पर राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने की मांग**

पर असंवैधानिक तरीके से लाठीचार्ज किया जा रहा है और मुकदमे दर्ज कर उनका दमन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा गया कि राज्य में बुलडोजर का दुरुपयोग करके पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। ज्ञापन में 9 प्रमुख मांगें राष्ट्रपति के सामने ज्ञापन के माध्यम से रखी गयी। इनमें महंगाई और बेरोजगारी उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर तुरंत अंकुश लगाने और पेपर लीक पर रोक, प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाले पेपर लीक को रोका जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। स्वास्थ्य सुविधाएं सरकारी अस्पतालों में समय से चिकित्सा सुविधाएं और दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाएं ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। किसानों को उचित मूल्य किसानों को उनकी फसलों का वाजिब और लाभकारी मूल्य दिलाया जाए। आरक्षण की सुरक्षा प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के निर्धारित आरक्षण को सुरक्षित रखते हुए उसका पूरा लाभ दिया जाए। बिजली आपूर्ति प्रदेश में बिजली संकट को समाप्त कर किसानों और आम जनता को पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों के व्यवहार पर रोक आम जनता और जन प्रतिनिधियों के प्रति अधिकारियों द्वारा किए जा रहे अमानवीय व्यवहार पर रोक लगे। घ्ग्राम पंचायतों में हस्तक्षेप बंद हो ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक दखल अंदाजी बंद कर संवैधानिक व्यवस्था को लागू किया जाए। खाद के बढ़े हुए दामों को कम किया जाए और किसानों को समय पर खाद मुहैया कराई जाए। समाजवादी पार्टी सम्भल इकाई ने स्पष्ट किया है कि वे हमेशा जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करते रहेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी के कई स्थानीय नेता और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाकर अपनी मांगों को दोहराया।

# चालीस बीघा तालाब की भूमि कराई कब्जामुक्त

**02.5 हैक्टेयर मुक्त कराई भूमि तीर्थ की होने के आरोप**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिले में तीर्थ और तालाबों पर किए गए अवैध कब्ज़ों से मुक्त कराने का अभियान ओर तेज कर दिया गया है। अभियान में जुटी राजस्व टीम ने चालीस बीघा तीर्थ की भूमि को कब्जा मुक्त कराया।

जिले में विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को हुई हिंसा के बाद से तीर्थ कुंऐ और कूपों व तालाब की भूमियों पर किए गए अवैध कब्ज़ों से मुक्त कराने का अभियान लगातार जारी है। डीएम अंकित खंडेलवाल ककी विगत दिनों हुई समीक्षा बैठक में कब्ज़ा मुक्ति के दिए गए निर्देशों पर राजस्व विभाग की टीम जनपद में 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने तथा उन पर से अवैध कब्जा हटाने के निर्देशों का पालन करने में जुटी हुई है। इसी अभियान में लगी राजस्व विभाग की टीम ने उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल के नेतृत्व में राजस्व टीम शामिल तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं नायब



सम्भल- सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कार्रवाई कराती एसडीएम।

तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल ने तहसील सम्भल के ग्राम मुजाहिदपुर सराय स्थित प्राचीन ब्रह्मव्रत तीर्थ के तालाब की लगभग 2.5 हेक्टेयर (लगभग 40 बीघा) भूमि का चिन्हीकरण करते हुए उस पर से अवैध कब्जा हटाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया। उप जिलाधिकारी सम्भल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार चकमार्गों, तालाबों एवं सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि जनपद में तालाबों, चकमार्गों एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए तालाबों के चिन्हीकरण, संरक्षण एवं अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

## कस्बे की सफाई व्यवस्था चरमरायी नालियों नहीं होती नियमित सफाई

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** कसबे की सफाइ व्यवस्था कर्मचारियों की लापरवाही के कारण बुरी तरह चरमरा गई है। नालियों व सड़कों की नियमित सफाई न होने से नालियों में भरी गंदगी से संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है।

नाले व नालियों में भरी सिल्ट बरसात में कस्बे वासियों के लिए परेशानी पैदा कर देगी। जब बारिश का पानी सड़कों व नालियों पर भर जाता है तब बरसाती पानी नालियों की गन्दगी सड़क पर आकर राहगीरों का रास्ता चलना दूभर कर देती है। नालियों की गन्दगी में एक ओर जहां मच्छरों की फौज तैयार होकर नागरिकों पर दिन रात हमलावर होते हैं। वहीं गन्दगी व मच्छरों के काअे जाने से संक्रामक रोग भी फैल जाता है। नगर पंचायत में तीन वर्ष से पूर्ण कालिक अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति न होने का सबसे ज्यादा लाभ सफाई कर्मचारियों को पहुंच रहा है। वे अपनी मर्जी से के मालिक है। इसी कारण सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं है।

# तालाब कब्जा मुक्त कराने में सहयोग न करने पर ग्राम विकास अधिकारी निलम्बित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तालाब को कब्जा मुक्त कराने में सहयोग न करने एवं बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर ग्राम विकास अधिकारी को निलम्बित कर दिया गया है।

जनपद में जल संरक्षण, तालाबो की मूल स्थिति पुर्नस्थापित करने एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान को प्राथमिकता जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत चयनित तालाबों एवं चकरोडों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों को पूर्व में आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये थे। इसी के तहत विकास खण्ड जुनावई क्षेत्रन्तर्गत ग्राम पंचायत झुकेरा में स्थित तालाब भूमि गाटा संख्या रकबा 2.290 हे0 भूमि को कब्जा मुक्त कराने में सहयोग न करने, खण्ड विकास अधिकारी से बिना अवकाश स्वीकृत कराये मुख्यालय से अनुपस्थित रहने तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं अभियानों में अपेक्षित रुचि न लेने पर ग्राम विकास अधिकारी उमेश कुमार की शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता परिलक्षित हुई है। मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल की समीक्षा में यह संबंधित कार्मिक द्वारा फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड, पांडुलिपि सर्वे, मनरेगा मानव दिवस सृजन, गौशाला में हरा चारा एवं गर्मी से बचाव हेतु समुचित प्रबन्ध आदि कार्यों में लापरवाही बरती गयी। मुख्य विकास अधिकारी, के निर्देशानुसार उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला विकास अधिकारी ने 26 मई, 2026 को ग्राम विकास अधिकारी उमेश कुमार को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। मुख्य विकास अधिकारी ने इसके अलावा ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिये गये कि अतिक्रमण हटाओ अभियान, तालाब पुनरूद्वार, जल संचयन एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जायेगी। जो भी कार्मिक शासनादेशों एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करेगा।

## एक नज़र इधर भी

### अधिवक्ताओं ने शरबत वितरित कर सूखे गले कराये तर

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में जहां लोग घरों से कम निकल रहे हैं। ऐसे में अधिवक्ता गर्मी में भी विधिक सेवा देने के लिए कचहरी पर आ रहे हैं। इसी को लेकर गुन्नौर सिविल बार एसोसिएशन सदस्य प्रदीप वार्ष्णेय ने शरबत का वितरण किया। नौतपा चल रहा है एसोसिएशन सदस्य ने एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव के चैम्बर पर सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे के बीच ठंडे शरबत का वितरण किया। इस दौरान जितेंद्र सिंह यादव, सोमवीर यादव, मुनेश यादव, सुनील कुमार आदि का सहयोग रहा।

### ईदुल अजहा पर साफ-सफाई का रखें ध्यान

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** ईद उल अजहा को लेकर चेयरमैन खुशबू प्रजापति व नगर अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बकरा ईद की कुर्बानी को लेकर लोगों से साफ सफाई को लेकर विषय अपील की। सफाई कर्मचारियों को सफाई के विशेष निर्देश दिए। ईद-उल-अजहा का त्यौहार कुर्बानी के साथ-साथ भाईचारे, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। इसे शांति, सुकून और तहजीब के साथ मनाना ही इसका असल मकसद है। तीन दिनों तक चलने वाले इस मुबारक मौके पर इन बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। भाईचारा और सौहार्द व्यापार मंडल अध्यक्ष गुन्नौर अब्दुल मतीन ने कहा कि ईद की खुशियों में अपने पड़ोसियों और दोस्तों को शामिल करें। मिल-जुलकर त्योहार मनाएं। स्वच्छता का ध्यान रखें। कुर्बानी के बाद साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। वेस्ट (वेस्टेज) को खुले में न फेंकें, उसे सही तरीके से डिस्पोज करें ताकि पर्यावरण और स्वच्छता बनी रहे। तहजीब और सलीका कुर्बानी की रस्म को सलीके से निभाएं। खून या गंदगी सार्वजनिक स्थानों पर न फैले, इसका पूरा ध्यान रखें। सादगी और सुकून त्योहार का मूल संदेश सादगी है। दिखावे से बचें और सुकून के साथ इबादत करें।

### ग्राम बुकनाला में नौहा पढ़ने को दो पक्षों में जमकर गाली-गलौंच

**असमोली (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बुकनाला सादात में हजरत मुस्लिम इब्ने अकील की शहादत की याद में प्रत्येक वर्ष ताबूत का जुलूस निकाला जाता है जो ऐतिहासिक व प्राचीन जुलूस है जो इमामबाड़ा साहिबुजजमान से शुरू होकर इमामबाड़ा बनी हाशिम पर जाकर समाप्त होता है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मजलिस के बाद ताबूत का जुलूस निकाला गया था। जुलूस शुरू होते ही नोहा पढ़ने को लेकर राजा पक्ष व शाहनवाज पक्ष में कहा सुनी शुरू हो गई जो देखते ही देखते बल्वे में बदल गई। दोनों पक्ष के दर्जनों लोग आमने-सामने आकर एक दूसरे को गाली-गलौज करने लगे व जान से मारने की धमकियां देने लगे जुलूस में अफरा-तफरी मच गई। जुलूस में शामिल होने आए अकीदतमन्दो में भगदड़ मच गई तथा जुलूस अपने निर्धारित रास्तों से नहीं गुजरा बल्कि वहीं समाप्त हो गया। गांव में नोहा पढ़ने वाले दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति है गौरतलब है कि धार्मिक जुलूस में नोहा पढ़ने को लेकर राजा पक्ष व शाहनवाज पक्ष में पिछले लगभग 2 वर्षों से तनाव बना हुआ है पहले भी दोनों पक्षों में कई बार मारपीट व गाली-गलौज हो चुकी है। घटन के संबंध में एक छोटी सी वीडियो भी वायरल हो रही है। फिलहाल किसी भी पक्ष ने थाने में कोई तहरीर नहीं दी है



सिरसी- ईदे अजहा की पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च करते पुलिस कर्मी।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

**सिरसी (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** ईदुल अजहा की पूर्व संध्या पर थाना हजरत नगर गढ़ी एवं कस्बे की चौकी पुलिस ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च कर कस्बेवासियों की सुरक्षा की भावना जगाने का प्रयास किया। थाना प्रभारी संजय कुमार व चौकी प्रभारी मौ. फिरोज खान के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बे के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च कियइा। थाना प्रभारी ने इस बीच लोगों से संवाद भी किया और आपसी भाईचारे के माहौल में ईदेुत्रलअजहा का पर्व मनाने और शासन की गाइड लाइन के अनुसार ही कुर्बानी करने की अपील की।

### प्रगणक को किया गया सम्मानित

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर पंचायत गुन्नौर के प्रगणक महेश कुमार के द्वारा अपना भवन गणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, अध्यक्ष पति धर्मेन्द्र कुमार, लिपिकं पूनम यादव द्वारा प्रगणक महेश कुमार एवं सर्किल सुपरवाइजर देवेन्द्र सिंह को उपहार देकर सम्मानित किया तथा उनके द्वारा किये गये कार्य की प्रशंसा की। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान महीपाल बघेल, इंदीवर सिंह, राहुल कुमार आदि रहे।

# हजात मुस्लिम की याद में शबीहे ताबूत बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** कर्बला लड़ाई से पहले कूफे वालों ने हजरत इमाम हुसैन को खत भेजकर कहा था कि मौला हम आपके हाथों पर बैअत करेंगे, तब इमाम हुसैन ने अपने चचेरे भाई हजरत मुस्लिम बिन अकील (अ.) को अपना सफी बनाकर भेजा था,लेकिन कूफी अपने वादे से पलट गए और हजरत मुस्लिम को शहीद कर दिया, इसीलिए उन्हे कर्बला का पहला शहीद भी कहा जाता है।

इमामबारगाहों में आरयोजित मजलिसों को खिताब करते हुए उलेमाओं ने हजरत मुस्लिम की शहादत का बयान करते हुए कहा कि जब हजरत मुस्लिम कूफा पहुंचे तब हज़ारों लोगो ने इनके हाथों पर

**0 इमाम बारगाहों में मजलिसें बरपा की गई**

इमाम हुसैन की बैअत कर ली थी, लेकिन हुकूमत ने लोगों को डरा धमकाकर हजरत मुस्लिम के खिलाफ कर दिया। इस तरह वो कूफे में अकेले रह गए और उन्हे कैदी बनाकर किले की छत से नीचे गिराकर नौ जिलहिज्जा को शहीद कर दिया। हजरत मुस्लिम की शहाद का जिक्र सुनकर अज़ादारों की ऑखे नम हो गयी। इसके बाद शबीहे ताबूत बरामद किए गए। जिसमें मातमी अन्जुमनों ने नौहा पढ़ा और बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने ताबू की ज्यारत की।

## सुपरवाइजर समेत टीम को किया गया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण मे मकान सूचीकरण और मकानो की गणना का कार्य सबसे पहले पूर्ण करने पर सुपरवाईजर नसीम हुसैन प्रवक्ता और उनकी टीम के प्रगणक आशकार हुसैन, फरजाना, साकिब अली खां, जावेद आलम, अनवर हुसैन, अहमद सादान को नगरपालिका परिषद सम्भल के अधिशासी अधिकारी/चार्ज जनगणना अधिारी डा. मणिभूषण तिवारी एवं जनगणना सहायक प्रहलाद द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुपरवाईजर नसीम हुसैन ने सभी प्रगणक और सुपरवाईजर से जनगणना कार्य मे और तेजी लाने की अपील की ताकि प्रदेश मे जनपद सम्भल जनगणना कार्य की मैरिट में प्रथम स्थान प्राप्त कर सके।

# तेज गति अनियंत्रित बस चिकित्सक की क्लीनिक में घुसी

**0क्लीनिक बंद होने से बाल-बाल बची कई जिन्दगियां**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तेज रफ्तार में आ रही निजि बस का टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर दीवार और जीना तोड़कर चिकित्सक की क्लीनिक में घुस गयी। गनीमत रही कि क्लीनिक बंद होने से कोइ जनहानि नहीं हो सकी। हादसे से वहां काफी भीड़ लग गयी। जबकि सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गयी।

बुधवार की दोपहर सम्भल अमरोहा चलने वाली निजि बस सं. यू पी 38 टी 3991 अमरोहा से सवारियों को लेकर सम्भल आ रही थी। बताते हैं नम्बर न कट जाने और यूनियन का जुर्माने से बच जाये इन्ही प्रयासों के चलते बस को काफी तेज गति में दौड़ाया जा रहा था। सवारियों की जान जोखिम में डालकर फर्राटें भर रही निजि बस



सम्भल- जोया मार्ग स्थित मदाला फत्तेहपुर में क्लीनिक में घुसी निजि बस।

ग्राम मदाला फत्तेहपुर स्थित मुख्य मार्ग पर पहुंची तभी अचानक बस का अगला टायर भयंकर गर्मी में जवाब दे गया और फट गया। टायर फटने से तेज गति बस अनियंत्रित हो गयी और मुख्य मार्ग से दीवार व बैठने की सीमेंट आदि बैंच व ज़ीने को तोड़कर डा. अली हसन की क्लीनिक में घुस गयी। गनीमत रही कि हादसे के समय चिकित्सक का क्लीनिक बंद था और रोगी नहीं थे। अन्यथा बड़ा हादसा होने के सार्थ कई जान जाने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता था। हादसे के समय बस में सवार कुछ यात्रियों को मामूली चोट आयी जबकि चालक व परिचालक सहित बाकी सभी सवारियां बाल-बाल बच गयी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से सवारियों और चालक को बाहर निकाला। बस का चालक और परिचालक दोनों घायल हो गए। क्रेन की मदद से बस को क्लीनिक में से निकाला गया।

# थाने में फरियाद लेकर पहुंची महिला बेहोश

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बहजोई।** भीषण गर्मी का असर अब आम जनजीवन पर साफ दिखाई देने लगा है। जनपद सम्भल में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से लोग बेहाल हैं। इसी बीच बहजोई कोतवाली में एक महिला फरियाद लेकर पहुंची, जहां गर्मी और कमजोरी के चलते वह अचानक बेहोश हो गई।

महिला के बेहोश होते ही थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत मानवता दिखाते हुए महिला को सम्भाला, पानी पिलाया और सहारा देकर कुर्सी पर बैठाया। कुछ देर बाद महिला की हालत सामान्य हुई। बताया जा रहा है कि महिला का गांव के ही किसी व्यक्ति से विवाद चल रहा था। विवाद के दौरान महिला के सिर, हाथ और पैरों में चोटें भी आई थीं, जिसके संबंध में वह



सम्भल-थाना बहजोई में फरियाद लेकर पहुंची बेहोश महिला को पानी पिलाते पुलिस कर्मी।

शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। भीषण गर्मी के बीच इस घटना ने लोगों को झकझोर दिया। वहीं पुलिस के मानवीय व्यवहार की स्थानीय लोगों ने सराहना की। जनपद संभल में लगातार बढ़ती गर्मी और लू के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को सावधाानी बरतने की सलाह दी जा रही है। खासकर दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की अपील की गई है।

# आपसी सौहार्द और भाईचारे से मनायें ईदे अजहा: कक्के

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** पूर्व नगर पंचायत गुन्नौर अध्यक्ष मुजफ्फर अली उर्फ



कक्के ने कहा कि ईदुल-अजहा (बकरीद) या किसी भी अन्य अवसर पर खुले स्थानों पर कुर्बानी न करने के कई बड़े और व्यावहारिक कारण हैं, जिन्हें ध्यान में रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि साफ-सफाई और सेहत खुले में कुर्बानी करने से गंदगी फैलती है, जिससे बीमारियां और बैक्टीरिया पनपने का खतरा रहता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए साफ-सफाई बनाए रखना बेहद जरूरी है। दूसरों की भावनाओं का सम्मान सार्वजनिक या खुले स्थानों पर ऐसा करने से

**0 पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने की अपील**

अन्य समुदाय के लोगों या बच्चों को असुविधाा हो सकती है या उनकी भावनाएं आहत हो सकती हैं। एक अच्छे समाज के लिए आपसी तालमेल और सम्मान जरूरी है। कानूनी और प्रशासनिक नियम प्रशासन और नगर पंचायत द्वारा अक्सर यह निर्देश दिया जाता है कि कुर्बानी केवल निर्धारित और कवर्ड (ढके हुए) स्थानों या बूचड़खानों में ही की जाए। नियमों का पालन करना कानूनी पेचीदगियों से बचाता है। पर्यावरण की सुरक्षा बचे हुए अवशेषों को खुले में फेंकने के बजाय उन्हें जमीन में गहरा दबाना या नगर निगम की कचरा गाड़ियों के हवाले करना सही तरीका है, ताकि पर्यावरण प्रदूषित न हो और आवारा जानवर वहां जमा न हों। पर्यावरण की सुरक्षा बचे हुए अवशेषों को खुले में फेंकने के बजाय उन्हें जमीन में गहरा दबाना या नगर निगम की कचरा गाड़ियों के हवाले करना सही तरीका है, ताकि पर्यावरण प्रदूषित न हो और आवारा जानवर वहां जमा न हों।

## प्राचीन ईदगाह पर ईदे अजहा की नमाज आढ़े आठ बजे अदा होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्राचीन ईदगाह पर ईदे अजहा की नमाज सुबह साढ़े आठ बजे होगी।

जानकारी देते हुए इमामे ईदगाह हाजी ज़हीरूल इस्लाम ने बताया कि ईदे अजहा कल आज मनाया जायेगा। उन्होने बताया कि ईदे अजहा की नमाज ईदगाह पर सुबह साढ़े आठ बजे अदा की जायेगी। उन्होने लोगों से कर्बानी और त्याग के इस पर्व को भाईचारे और साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने और कुर्बानी का कोई भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल नहीं करने की अपील की।

# अधिवक्ताओं ने शिविर लगाकर भीषण गर्मी में मीठा शर्बत और ठंडे पानी की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच बुधवार को कचहरी परिसर एवं शरीफनगर बस स्टैंड पर राहगीरों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आम लोगों के लिए ठंडे शर्बत व पानी की सेवा का आयोजन किया गया। सामाजिक सेवा और इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए लोगों ने बढ़-चढ़कर इस पुण्य कार्य में सहयोग किया। कचहरी परिसर ठाकुरद्वारा स्थित चैम्बर नंबर-1 में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अधिवक्ता श्री नरेंद्र सिंह एडवोकेट द्वारा मीठे शर्बत का वितरण कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह एडवोकेट एवं उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अधिवक्ताओं, कर्मचारियों, वादक.ारियों तथा आम जनता को ठंडा शर्बत वितरित किया गया। गर्मी से परेशान लोगों ने शर्बत पीकर राहत महसूस की और आयोजन की सराहना की।



वहीं कस्बा शरीफनगर बस स्टैंड पर भी राहगीरों और आम लोगों के लिए ठंडे पानी व शर्बत की सेवा आयोजित की गई। इस सेवा कार्य में डॉ. एहसान अंसारी, सुहैल दीवान और अकील मुन्ना ने मिलकर लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाने का काम किया। बस स्टैंड से गुजरने वाले मुसाफिरों, मजदूरों और स्थानीय लोगों ने इस नेक पहल की प्रशंसा करते हुए आयोजकों को दुआएं दीं।

# लग्न समारोह के बीच मारपीट कर बुरी तरह से किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** लग्न समारोह के दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर मारपीट करके घायल कर दिया। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिला संभल के थाना हजरतनगर गढ़ी के गांव रज्जाकपुर के रहने वाले धर्मेंद्र पुत्र दिनेश पाल ने मुक.दमा दर्ज कराया कि 25 मई को वह परिवार के साथ अपनी बहन सीमा पत्नी मोनू निवासी बीरमपुर के घर शादी में गए थे।

रात्रि में डीजे पर डांस करने को लेकर लग्न में आए सुधीर, वीरू पुत्र यशपाल निवासी ढकिया नरु के अलावा सत्येंद्र पुत्र हेतराम, राजा पुत्र सत्येंद्र निवासी रज्जाकपुर थाना हजरत नगर गाड़ी ने मारपीट की और गाली गलौज करने लगे। धारदार हथियार से वार किया।

जिससे वह गंभीर घायल हो गया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# व्हाट्सएप पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** व्हाट्सएप पर अश्लील गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के तहसील परिसर स्थित चौम्बर नंबर-90 में बैठने वाले अधिवक्ता रिजवान सैफी पुत्र रहमतुल्ला निवासी ग्राम राजपुर केसरिया थाना डिलारी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह एक ग्रुप अधिकारी लोक आयोग समिति से जुड़े हुए थे, जिसका एडमिन अनस मलिक पुत्र मुर्सलीम निवासी ग्राम कोकरपुर थाना छजलैट था। आरोप है कि 10 मार्च 2026 को अनस मलिक ने ग्रुप में एक बार कोड डालते हुए सभी सदस्यों से प्रतिदिन 10 रुपये जमा करने को कहा। इस पर रिजवान सैफी ने ग्रुप में पूछा कि यह राशि किस उद्देश्य के लिए ली जा रही है। आरोप है कि इसके अगले दिन 11 मार्च की सुबह आरोपी ने अपने मोबा.इल नंबर से व्हाट्सएप पर गंदी गालियां भेजीं, जिसकी स्क्रीनशॉट पीड़ित के पास सुरक्षित है। पीड़ित का आरोप है कि 12 मार्च को जब उन्होंने आरोपी को फोन कर गालियां देने का कारण पूछा तो आरोपी ने फिर से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। यह बातचीत उनके चौम्बर पर हुई, जिसे वहां मौजूद अन्य अधिवक्ता ने भी सुना। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी अनस मलिक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने कराया शर्बत वितरण



**कांठ( शाह टाइम्स )** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की ओर से पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और बस स्टैंड पर सरवत वितरण किया गया। बताया गया कि भीषण गर्मी के दौरान प्यासों की प्यास बुझाने से अच्छा कोई काम नहीं होता और किसी भी महापुरुष की पुण्यतिथि पर लोगों की सेवा करना सबसे अच्छा कार्य होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेसियों ने आने जाने वाले लोगों को शरबत पिलाकर उनकी प्यास बुझाने का काम किया इसके साथ-साथ कोठी खिदमतपुर मंदिर हादसे में मरे लोगों की आत्मा शांति के लिए भी 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी सोबीर यादव जफर अली रईसुद्दीन समर सिंह शरीफ आजाद छत्रपाल सिंह कलुआ तारिक रियाज आदि मौजूद रहे।

### युवक पर फायर करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी का किया चालान

**कांठ( शाह टाइम्स )** युवक पर फायर करने के आरोप में नामजद को पकड़ कर पुलिस ने चालान कर दिया बतादे की ध्यानपुरा निवासी सौरभ ने खलीलपुर गांव के रविराज पर उसके ऊपर फायर कर गाली गलौज करने का आरोप लगाया था पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर रात को ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के मुताबिक आरोपी के पास से तमंचा भी बरामद हुआ आरोपी का पुलिस ने चालान किया है।



### मीटिंग में बोले उलमा त्योहार पर साफ सफाई का रखें ध्यान, मोहब्बत के साथ मनाएं त्योहार

**मूंढापांडे।** क्षेत्र के गांव दलपतपुर में बुधवार को दारुल उलूम इस्लामिया हनफिया में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें इलाके के बहुत से लोगों ने शिरकत की और मीटिंग के अंदर मदरसे की आमद और खर्च के बारे में लोगों को बताया गया,साथ ही साथ उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट की जानिब से जिन जानवरों को कुर्बान करने से मना किया गया है लोगों को बताया गया और समझाया गया और वह तमाम बातें समझाई गई, जिसे किसी दूसरे का दिल दु:खे की उनसे बचते रहे साफ-सफाई का ख्याल रखें और मोहब्बतें के साथ इस त्यौहार को पूरा करें इस मौके पर मदरसे के स्टाफ के अलावा अलाके के उलमा ि-कराम और जिम्मेदारान के साथ ही साथ मदरसे की कमेटी के बहुत से लोगों ने शिर.कत की जिनमें से कुछ लोगों के नाम यह है। मुफ्ती इकराम साहब, मुफ्ती नासिर मुफ्ती आजम मंजरी, कारी तस्लीम कारी फुरकघन कारी अफजाल, मौलाना जमील, मुफ्ती गुलाम मुरसलीन, सलीमभाई, मुस्तकीम भाई, शकील भाई, अब्दुल वारिस भाई जाबुल हक, ताहिर हुसैन हामिद अली ,शाहिद, अब्दुल हक भाई अजीम भाई भूरा भाई तंजीम भाई आदि मौजूद रहे।



### लड़की भगाने के अलग-अलग मामलों में दो पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** लड़की भगाने के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति का कहना है कि उसकी पुत्री की उम्र 19 साल है जो बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है वह परीक्षा देने कांठ गई थी लेकिन वापस नहीं आई पता चला कि थाना छजलेट के गांव फरीदपुर निवासी नितिन चौधरी उसे अपने साथ ले गया पीड़ित थाने पहुंचा और तहरीर दी, पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दूसरे मामले में पीड़िता का कहना है की 26 मई को सुबह 7:00 बजे उसकी पुत्री जो की कक्षा 12 की छात्रा है शाहनवाज पुत्र ताहिर निवासी नयागांव नवादा रेलवे क्रॉसिंग से अपनी बाइक पर बैठा कर ले गया पीड़िता थाने पहुंची और तहरीर दी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू की है।

# पहली शादी छिपाकर दूसरी शादी करने के आरोप में पति समेत छह पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** पहली शादी की जानकारी छिपाकर दूसरी शादी करने, दहेज उत्पीड़न और धोखाधड़ी के आरोप में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतुपुरा निवासी प्रियंका ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह 27 नवंबर 2024 को ग्राम पंडितपुर निवासी जयकुमार के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति जयकुमार, सास प्रवेश देवी, ससुर दलवीर सिंह और जेठ अजय कुमार दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे।

महिला का आरोप है कि 23 मार्च 2025 को गर्भावस्था के दौरान उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया था। पीड़िता ने बताया कि इस मामले में पहले भी दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज है, जो न्यायालय में विच.ाराधीन है। महिला का आरोप है कि 16 फरवरी 2026 को एक महिला का फोन आया, जिसने खुद को जयकुमार की पहली पत्नी बताते हुए कहा कि वह पिछले करीब पांच वर्षों से उसके साथ गाजियाबाद में रह रही है और उससे एक पुत्र भी है। महिला ने आरोप लगाया कि पति जयकुमार, उसके परिवार के सदस्य और रिश्तेदार जगवीर सिंह ने पहली शादी की बात छिपाकर धोखाधड़ी करते हुए दूसरी शादी कराई और दहेज व अन्य खर्चों के नाम पर करीब 14 लाख रुपये खर्च करा दिए। साथ ही उसका स्त्रीधन भी अपने कब्जे में रखा हुआ है।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जयकुमार, दलवीर सिंह, प्रवेश देवी, अजय कुमार, जगवीर सिंह तथा प्रीति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक.दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जनपद की 5 ग्राम पंचायतो को मिली एक करोड़ 10 लाख की सौगात

**कांठ ( शाह टाइम्स )**पंचायत सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मुरादाबाद जिले की पांच ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कृत किया गया है। शासन की ओर से इन पंचायतों को कुल 1.10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। डीपीआरओ आलोक शर्मा ने बताया कि ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों को धनराशि के उपयोग और कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।राज्य परफारमेंस असेसमेंट समिति की 10 वीं बैठक में मुरादाबाद की पांच ग्राम पंचायतों डिलारी ब्लाक की हुमायुंपुर, बिलारी ब्लाक की सनाई, डिलारी की अहमदपुर आनंदपुर, छजलैट की शाहपुर मुबारकपुर, ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रानीनागल को पुरस्कार देने पर सहमति बनी थी। जिला पंचायत राज विभाग के मुताबिक यह धनराशि संबंधित ग्राम पंचायतों के ओएसआर खातों में हस्तांतरित कर दी गई है। धनराशि से गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण, स्वच्छता व्यवस्था, जल संरक्षण, सार्वजनिक




अब ग्राम पंचायतों को इस धनराशि से विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार करनी होगी। ग्राम पंचायतें इस उपयोग के कार्यों और आय सृजन से जुड़े प्रकल्पों को प्राथमिकता दे सकती हैं।

# ई-रिक्शा चालक को पीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बहादुरपुर गांव के रहने वाले बंटी उर्फ अमित ने कोतवाली में मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे के मुता.बिक वह अपना ई-रिक्शा बिलारी मिल से जमालपुर अड्डे तक सवारी ढोने के लिए चलते हैं। 25 मई को दोपहर 1 बजे ई रिक्शा में सवारी बैठाकर जमालपुर अड्डे पर गए थे। जहां पर पप्पन उर्फ विपिन, अर्जुन पुत्र रमेश निवासी जमालपुर गाली गलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो लात घुसो व लाठी डंडों से बुरी तरह से मारा पीटा।

वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह से बचाया, अब जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# नमाज के लिए ईदगाहों को साफ-सफाई कर किया तैयार

**कांठ( शाह टाइम्स )** ईदुल अजहा का पर्व जुमेंरात को मनाया जाएगा जिसमें ईदगाहों पर लोग नमाज अदा करेंगे संबंधित नगर पंचायतो ने ईदगाहों की साफ सफाई कराकर व्यवस्था मुकम्मल की है। नगर पंचायत उमरी के अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने बताया कि नमाजियों के लिए ईदगाहों पर माकूल व्यवस्था की गई है साफ सफाई पूरी हो चुकी है और कुर्बानी के ओज को उठाने के लिए हर बार्ड में एक गाड़ी की व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने कहा कि शासन की गाइडलाइन के मुताबिक सभी लोग साफ सफाई का ध्यान रखें और कोई ऐसा काम ना करें जिससे किसी दूसरे को परेशानी हो, उधर नगर पंचायत कांठ के अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी के पुत्र ने भी ईदगाह की साफ सफाई का जायजा लिया और लोगों को पूरी व्यवस्था के साथ नमाज संपन्न कराने का भरोसा दिलाया उन्होंने बताया कि ईदगाह की साफ सफाई करा दी गई है जल की पूरी व्यवस्था नगर पंचायत की ओर से रहने वाली है।

सड़कों को साफ सफाई कर व्यवस्थित कर दिया गया है। उन्होंने भी लोगों से ईद भाईचारा और प्रेम के साथ मनाने का आह्वान किया और कहा कि इस्लाम के मुताबिक कोई ऐसा काम ना करें जिससे किसी को परेशानी का सामना करना पड़े उन्होंने कहा नगर पंचायत कांठ अपनी जिम्मेदारी हमेशा उठाती आई है और उठाती रहेगी।



# अच्छे कर्म ही व्यक्ति को धर्म और मोक्ष के मार्ग पर ले जाते हैं



**कांठ( शाह टाइम्स )**रसूलपुर गुर्जर में पांच दिनों से चल रही जम्भवाणी हरिकथा में आचार्य गोविन्दशरणानंद जी महाराज ने कर्म के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन उसके कर्मों से ही श्रेष्ठ बनता है। अच्छे कर्म ही व्यक्ति को धर्म, भक्ति और मोक्ष के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं। समराथल धाम से आए पूज्य महंत स्वामी रामकृष्ण जी महाराज के आगमन से भक्तों में उत्साह दिखाई दे रहा है।

इस अवसर पर स्वामी रामाकृष्ण जी महाराज प्रवणानंद महाराज विष्णु दयाल महाराज अनूप दास जी महाराज आचार्य अमृतानंद जी योगानंद जी जगद.ेवानंद जी विश्वमातानंद जी ऋषिदानंद जी धर्मानंद जी राजेश्व.रानंद जी नरेश आनंद जी राजूराम जी महाराज के साथ-साथ क्षेत्र से अनिल कुमार यशवीर सिंह सुनील कुमार ओंकार सिंह भगत जी रविंद्र कुमार अनिल कुमार आदि काफी बड़ी संख्या में संतसमाज महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# ईद-उल-अजहा पर साफ-सफाई को लेकर नगर पंचायत पाकबड़ा पूरी तरह मुस्तैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ईद-उल-अजहा के त्योहार को देखते हुए नगर पंचायत पाकबड़ा द्वारा साफ-सफाई की सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। त्योहार के दौरान नगर में स्वच्छता बनी रहे और किसी प्रकार की गंदगी न फैले, इसके लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस समय नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब हज के मुकद्दस सफर पर सऊदी अरब में मौजूद हैं। उन्होंने वहीं से नगरवा.सियों के नाम एक अपील जारी की है। अध्यक्ष मोहम्मद याकूब ने अपने संदेश में कहा कि, ईद-उल-अजहा कुर्बानी और त्याग का पर्व है। मेरी नगर के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि वे नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेष/वेस्टेज को इधर-उधर सड़कों, नालियों या खुले में बिल्कुल न फेंकें। उन्होंने आगे कहा कि नगर पंचायत की ओर से वेस्टेज उठाने के लिए विशेष गाड़ियों की व्यवस्था की गई है। सभी नागरिक कुर्बानी का वेस्टेज केवल नगर पंचायत की गाड़ी में ही डालें। इससे नगर में बदबू, बीमारी और गंदगी नहीं फैलेगी। अध्यक्ष ने सभी सफाई कर्मचारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे ईद के दौरान पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्य मार्गों, मस्जिदों, ईदगाहों और कुर्बानी स्थलों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। कूड़ा उठान का कार्य समय से हो, ताकि किसी भी नागरिक को परेशानी न हो।

नगर पंचायत प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि स्वच्छ पाकबड़ा, स्वस्थ पाकबड़ा के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी का साथ जरूरी है।

किसी भी समस्या के लिए नगर पंचायत के सफाई नायकों के नंबर 077483484, 8077441139, 9870660346, 8171866212, 9917790078 पर संपर्क किया जा सकता है।





# पुलिस ने राहगीरों को भीषण गर्मी में पिलाया मीठा ठंडा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाने के गेट के बराबर में स्टॉल लगाकर पुलिस ने भीषण गर्मी के बीच थाने की पुलिस ने राहगीरों को मीठा शरबत वितरित किया, बुधवार को बरेली से दिल्ली -मुरादबाद को जाने वाले सैकड़ों लोगों ने इस पहल से राहत महसूस की,क्राइम इंस्पेक्टर जितेन्द्र सिंह सिंह ने बताया कि 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचे तापमान को देखते हुए यह कदम उठाया गया।

इसका उद्देश्य भीषण गर्मी से परेशान राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को तत्काल राहत प्रदान करना था,इस जनहितैषी कार्य में दरोगा नरेंद्र सिंह राणा, ध्यान सिंह, कांस्टेबल राजीव कुमार, राहुल मलिक, संजीव कुमार ने सक्रिय सहयोग दिया,ठंडा शरबत पाकर राहगीरों के चेहरे खिल उठे,एक ट्रक ड्राइवर ने कहा इतनी गर्मी में ठंडा शरबत अमृत के समान है पुलिस का यह प्रयास सराहनीय है।

क्राइम इंस्पेक्टर जितेन्द्र सिंह ने जोर दिया कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ऐसे जनहित के कार्य लगातार होते रहने चाहिए।



**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र योगेश व पुत्रवधु श्रीमति कृष्णा को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से इनका कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **जगदीश सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह निवासी मौहल्ला बल्देवपुरी थाना कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र टिन्कू, पुत्रवधू श्रीमती दीपा व दो बच्चे क्रमशः आरंभ व शिवांकी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से इनका कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सुरजीत सिंह उर्फ सरजीत सिंह पुत्र गिरधारी लाल निवासी ग्राम लोधीपुर राजपूत पाकबड़ा, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मौ0 फोवाज आयु लगभग 31 वर्ष पुत्र तौफीक अहमद को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ0 फोवाज के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **तौफीक अहमद पुत्र श्री जमील अहमद निवासी बंगला गांव निकट पुलिस चौकी थाना नागफनी, जिला मुरादाबाद। मोबाईल नं०**-9634733857

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र जीशाने आलम व पुत्रवधू श्रीमती शबनम परवीन को गलत संगत/ गलत आचरण, दुर्व्यवहार व घर में लड़ाई-झगड़ा करने तथा बार-बार झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देना आदि के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से इनका कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमति मुजरेमिन पत्नी मुजा.हिर हुसैन व मुजाहिर हुसैन पुत्र जफर हुसैन निवासीगण 16, संभल रोड, ताहरपुर अव्वल, ताहरपुर थाना मैनाठेर, जिला मुरादाबाद।**

# पद्मिनी एकादशी पर सर्वप्रयास सीता रसोई ट्रस्ट ने किया शरबत वितरण

**मुरादाबाद।** पद्मिनी एकादशी के पावन अवसर पर दिल्ली रोड स्थित मिलन विहार गेट के पास सर्वप्रयास सीता रसोई ट्रस्ट परिवार की ओर से श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए ट्रस्ट के सदस्यों ने राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित कर राहत पहुंचाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम सुबह से ही शुरू हो गया था, जिसमें ट्रस्ट के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ लोगों की सेवा की। सड़क से गुजरने वाले लोगों को रोककर शरबत पिलाया गया और उन्हें गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीने की सलाह भी दी गई। सेवा कार्यक्रम के दौरान आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया।ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक पर्व केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं होते, बल्कि जरूरतमंदों और आमजन की सेवा करना भी सच्ची श्रद्धा का प्रतीक है। पद्मिनी एकादशी के अवसर पर आयोजित यह सेवा कार्यक्रम इसी भावना के साथ किया गया, ताकि लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण कर ट्रस्ट परिवार के इस सेवा कार्य की सराहना की। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। पूरे आयोजन का माहौल श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सद्भाव से ओतप्रोत दिखाई दिया।

# सूखा-2026 व बाढ़ से निपटने को डीएम ने की तैयारी बैठक

## 1 जून तक सभी अधिकारी-कर्मचारी 'सचेत ऐप' करें डाउनलोड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संभावित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सूखा प्रबंधन-2026 व संभावित बाढ़-2026 को लेकर जनपद स्तरीय समेकित बैठक हुई। डीएम ने विभागों की तैयारियों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष 01 जून 2026 तक प्रमाण पत्र दें कि उनके कार्यालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने 'सचेत ऐप' डाउनलोड कर लिया है। आपदा में समय से अलर्ट पाने के लिए ऐप जरूरी है। आपदा मित्रों के जरिए आमजन को भी ऐप डाउनलोड कराने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को मिली धनरा. शि का प्रभावी उपयोग करने व कलेक्ट्रेट परिसर में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। तापमान बढ़ने की आशंका को देखते हुए सभी सरकारी कार्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी अनुपस्थित



रहे, जिस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आपदा विशेषज्ञ द्वारा जनपद की नदियों की जानकारी उपलब्ध न कराने पर भी कड़ी नारा. जगी जताई और नोटिस जारी करने को कहा। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि जनपद में 29 बाढ़ शरणालय व 35 बाढ़ चौकियां संच. ालित हैं। डीएम ने तहसील प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को इनका नियमित भ्रमण करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग को सभी सीएचसी-पीएचसी पर दवाएं व संसाधन रखने व हीट वेव से बचाव के लिए जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। डीएम ने अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार को पॉलिथीन के प्रयोग को हतोत्साहित करने के लिए अभियान चलाने को कहा, क्योंकि पॉलिथीन नालों में फंसकर जलभराव करती है। सिंचाई विभाग को बाढ़ संभावित क्षेत्रों में तटबंधों की मरम्मत व सेफ्टी ऑडिट समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष जनपद के 109 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए थे। डीएम ने इन सभी गांवों में लोगों को बाढ़ से सुरक्षा व बचाव का प्रशिक्षण देने को कहा। साथ ही निर्देश दिए कि जहां पेयजल पाइपला. इन बिछ चुकी है, वहां अनिवार्य रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय, अपर नगर आयुक्त अतुल, डीपीआरओ आलोक शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### एसडीएम सदर से मिले संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी



**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर स्थित कार्यालय में एसडीएम सदर अभय सिंह से मुलाकात की।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि व्यापार मंडल हमेशा प्रशासन का सहयोग करता आया है और आगे भी करता रहेगा।इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अभय सिंह को पटका व माला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। व्यापारियों के हित में कार्य करने का अनुरोध किया, जिस पर एसडीएम ने हमेशा सहयोग का आश्वासन दिया।

इस मौके पर संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल श्जॉनीश, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, सुमित गुप्ता, आलोक अग्रवाल, सुरेश श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### दहेज उत्पीड़न व हत्या के प्रयास के आरोप में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने, मारपीट करने और गला घोंटकर हत्या का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लालपुर गौसाईं निवासी काजल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि उसका विवाह वर्ष 2023 में थाना डिलारी क्षेत्र के गांव दौलतपुर तिगरी निवासी प्रमोद कुमार के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति प्रमोद कुमार, जेठ चमन प्रकाश, अजय कुमार, निपेन्द्र, अक्षय कुमार, जेठानी शशी, ननद चमन देवी और नन्दोई नन्हें सिंह दहेज में कार की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। पीड़िता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी और कई बार घर से निकाल दिया गया। महिला ने आरोप लगाया कि 26 जनवरी 2026 की रात आरोपियों ने मिलकर उसका गला घोंटकर हत्या का प्रयास किया। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने उसे बचाया। इसके बाद उसके पिता उसे मायके ले आए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पहले थाना ठाकुरद्वारा और समाधान दिवस में शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। बाद में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पति समेत आठ आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

**ठाकुरद्वारा।** नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पूर्ण श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता के कारण आज भारत विकास की मजबूत नींव पर खड़ा है।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद नेहरू ने शिक्षा, उद्योग, कृषि, रोजगार और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। उनके कार्यकाल में आईआईटी और आईआईएम जैसे विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थानों की स्थापना हुई तथा कृषि विकास के लिए भाखड़ा नांगल जैसे बड़े बांध बनवाए गए। उन्होंने कहा कि आज देश में जो विकास दिखाई देता है उसकी मजबूत बुनियाद पंडित नेहरू ने ही रखी थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलकर देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सलमा आगा, शरीफ आजाद, जिला सचिव जहांगीर कुरैशी, मो. दीन सिद्दीकी, हाजी रईस अहमद खां उर्फ बल्ले भाई, हाजी मुस्तकीम अंसारी, राजकुमार पंडा, शरीफ सिद्दीकी, सभासद मो. जाहिद एडवोकेट, इदरीस, दबीर अंसारी, जाकिर अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एनसीसी शिविर में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला हुई आयोजित कैडेट्स को दिए गए सुरक्षा के टिप्स

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइन स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में चल रहे 23 यूपी बटालियन एनसीसी के 10 दिवसीय शिविर के दौरान साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कैडेट्स को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और ऑनलाइन सुरक्षा के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में मुरादाबाद साइबर क्राइम थाना की टीम ने कैडेट्स को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आजकल फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, सोशल मीडिया हैकिंग और ओटीपी शेयरिंग के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने, बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने और मोबाइल फोन में मजबूत पासवर्ड रखने की सलाह दी।इसके साथ ही आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसी महत्वपूर्ण पहचान संबंधी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने एवं उन्हें लॉक करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। अधिकारियों ने कहा कि सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा माध्यम है।

कार्यशाला का संचालन मेजर राजीव ढल ने किया। उन्होंने कैडेट्स से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे और उन्होंने साइबर सुरक्षा से जुड़े कई सवाल भी पूछे।

# आकांक्षा सोसाइटी ने दिव्यांग बच्चों संग मनाया जन्मदिन, बांटी उपयोगी सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को आकांक्षा सोसाइटी द्वारा निराश्रित दिव्यांगजन एवं दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था के सदस्यों ने प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर वहां रह रहे दिव्यांग बच्चों एवं जरूरतमंद लोगों के साथ समय बिताया तथा उन्हें विभिन्न उपयोगी वस्तुएँ वितरित कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के जीवन में खुशी, आत्मविश्वास एवं अपनत्व की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर बच्चों को समोसे एवं जलेबी खिलाकर उनके साथ खुशी के पल साझा किए गए। साथ ही आकांक्षा सोसाइटी की ओर से बच्चों को टी-शर्ट, चप्पल, स्लेट, पुस्तकें तथा पढ़ाई से संबंधित अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों को दैनिक उपयोग की वस्तुएँ प्रदान कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का सराहनीय प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ विभिन्न मनोरंजक एवं खेल गति. विधियों का भी आयोजन किया



गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल-कूद गतिविधियों ने बच्चों में नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार किया। संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण भी किया तथा गमलों में पौधे लगवाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आकांक्षा सोसाइटी की सदस्या डॉ. वंदना की पुत्री 'आशी' का जन्मदिन दिव्यांग बच्चों के साथ प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर बड़े ही स्नेह एवं उत्साह के साथ मनाया गया। आशी द्वारा भी बच्चों एवं जरूरतमंद लोगों को खाने-पीने की सामग्री वितरित की गई। बच्चों के साथ मिलकर जन्मदिन मनाने से वातावरण और अधिक आनंदमय एवं भावुक हो गया। सभी बच्चों ने मिलकर जन्मदिन की खुशियाँ साझा कीं तथा आशी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।आकांक्षा सोसाइटी की अध्यक्षा श्रीमती संगीता भार्गव जी ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जरूरतमंद एवं दिव्यांग बच्चों के जीवन में खुशियाँ लाने का प्रयास करे। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि बच्चों को आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना भी है। श्रीमती संगीता भार्गव जी ने बच्चों के साथ समय बिताकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी को सेवा भाव एवं मानवता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आकांक्षा सोसाइटी के सदस्यों डॉ. वंदना, काजल, सरिता, शालू, रूपाली, नीरज, सोनल एवं आदि का विशेष योगदान रहा। सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह एवं सेवा भाव के साथ कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। आकांक्षा सोसाइटी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सेवा, सहयोग एवं मानवता की भावना का प्रेरणादायक उदाहरण बना। संस्था के इस सराहनीय प्रयास की सभी उपस्थित लोगों ने प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सेवा कार्य निरंतर करते रहने की बात कही।

## स्विफ्ट डिजायर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बहजोई-चन्दौसी रोड पर बुधवार को तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानक. ारी के अनुसार मौलागढ़ से सोनकपुर गढ़ी जा रहे बाइक सवार प्रशांत चौधरी पुत्र राजेन्द्र निवासी नियामतपुर अपनी बाइक से घर जा रहे थे।

इसी दौरान स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 21 बीएच 9223 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में प्रशांत चौधरी तथा उसका चचेरा भाई रविन्द्र घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में पांच मामलों का हुआ निस्तारण

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र थानाध्यक्ष डॉ रूकमपाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया जहां कुल 28 पत्रावली को सुना गया 05 पत्रावली का निस्तारण किया गया। एक पत्रावली पर विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा एवं सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि आदि लोग उपस्थित रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमने अपने परिवार के सदस्य हनीफ पुत्र मौहम्मद रफीक तथा उनके लड़कों को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक व सामाजिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मौ. शमीम, अतीक पुत्रगण मौ. रफीक, मौ. समीर, मौ. अमन, मौ. तहजीव पुत्रगण मौ. शमीम, मौ. कासिम, अल्तमश पुत्रगण अतीक समस्त निवासीगण गुलाबबाड़ी नई बस्ती, कस्बा व थाना भोजपुर, जिला मुरादाबाद।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## जायन्ट्स ग्रुप के 10 दिवसीय कैंप में प्रशिक्षार्थियों को सिखाए जा रहे विभिन्न ट्रेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ चंदौसी सखी-सहेली द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शिव मंदिर कैथल गेट चन्दौसी में उत्साहपूर्वक जारी है।



कैंप के आठवें दिन बुधवार को प्रशिक्षार्थियों ने पूरे मनोयोग और रुचि के साथ विभिन्न ट्रेडों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सिलाई प्रशिक्षण में स्वाति गोयल ने प्रतिभागियों को प्लाजो की कटिंग एवं सिलाई की जानकारी दी। वहीं मेहंदी प्रशिक्षण में सलोनी ने चौक एवं अरेबिक मेहंदी डिजाइन बनाना सिखाया। साथ ही दोनों हाथों से ढोलक बजाने का अभ्यास भी कराया गया। ब्यूटीशियन राखी ने बालों की कटिंग करने की तकनीक सिखाई। कैंप में प्रतिदिन प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रुप अध्यक्ष एवं मंदिर प्रशासन की ओर से आइसक्रीम, ठंडाई, रुहआफजा शरबत, इडली आदि हल्के जलपान वितरित किए जा रहे हैं। शिविर में महिलाओं और युवतियों का उत्साह देखने लायक रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर, उपाध्यक्ष डॉ मधुपमा वार्ष्णेय, डायरेक्टर अनुराधा गोयल, कंचनबाला, सरोज वार्ष्णेय, मुन्नी देवी सक्सेना, पुष्पा वर्मा, सीमा वर्मा, अंजू राजपूत, रीता बुदियाल, ममता आदि का सहयोग रहा।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या :** 121/2025
**तारीख पेशी:** 07.08.2026
1. विनीत कुमार जैन आयु 67 वर्ष पुत्र स्व. सूरजलाल जैन, 2. श्रीमती ऊषा जैन आयु 61 वर्ष पत्नी विनीत कुमार जैन निवासीगण एमआईजी 48 राम गंगा विहार, अपोजिट शिव शक्ति मंदिर, कांठ रोड, मुरादाबाद-वादीगण
**बनाम**
अंकित जैन आयु 42 वर्ष पुत्र विनीत कुमार जैन निवासी ए-44/1 कांठ रोड, रामगंगा विहार फेज-प्रथम, मुरादाबाद-**प्रतिवादी।** हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 07 माह 08 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।
दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 26 के माह 05 सन् 2026 को जारी किया है।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू० डि० ), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान ए०डी०जे० कोर्ट नम्बर-04, मुरादाबाद।**
**मि०सि०अपील सं०:** 310/2025
**तारीख पेशी:** 02.07.2026
**श्रीमती निगार परवीन आदि**
**बनाम मौ० उमर खां आदि।**
1. श्रीमती निगार परवीन आयु 55 वर्ष पत्नी स्व. मौहम्मद जफर निवासी गलशहीद प्रिंस रोड, मुरादाबाद, 2. श्रीमती रेशमा परवीन आयु 40 वर्ष पुत्री श्री सलामत खां निवासी डी-57, जिगर कालोनी, मुरादाबाद-वादीगण।
**बनाम**
**प्रतिवादीगण संख्या:**-5. चांदनी बेगम आयु 56 वर्ष पत्नी स्व. श्री मौ0 नईम निवासी जी-73, ग्राउंड फ्लोर निजामुद्दीन वेस्ट हजरत निजामुद्दीन दक्षिण दिल्ली-110013, 6. निखत नईम पत्नी बदरूल हसन आयु 38 वर्ष पुत्री मौ. नईम निवासनी स्योहारा जिला बिजनौर, 8. मौ. फहीम खां पुत्र श्री मौ. नईम खां निवासी मकान नम्बर सी-7/142 यमुना विहार नार्थ ईस्ट देहली।
चूंकि उपर्रिनामांकित **वादीगण** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 07 के दिवस 02 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 26 को निकाली गयी है।
**प्रबंधक**
**न्यायालय ए०डी०जे० कोर्ट नम्बर-04, जनपद-मुरादाबाद।**

# महंगाई और नीट पेपर लीक के विरोध में सपाइयों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महंगाई और नीट परीक्षा लीक होने पर बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। सपा प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान सपाइयों ने मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर भी नारेबाजी कर विरोध जताया।

प्रदर्शन में राज्यसभा सांसद जावेद अली खान, संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क, राम खिलाड़ी यादव, संभल विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहैल इकबाल, चंदौसी की पूर्व प्रत्याशी विमलेश कुमारी, पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खान और जिला महासचिव कृष्णमुरारी शंखधार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि मई



महीने में डीजल और पेट्रोल के दाम चार बार में करीब साढ़े सात रुपये तक बढ़ चुके हैं। ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है और हर जरूरी वस्तु महंगी होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जब कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, तब सरकार ने जनता को राहत क्यों नहीं दी। ज्ञापन में नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक का मुद्दा भी उठाया गया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि परीक्षा में गड़बड़ी से 22 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है और मामले की निष्पक्ष जांच कर परीक्षा रद्द की जानी चाहिए।

## तप्ती गर्मी में शर्बत ओर ठंडे पानी की सेवा से राहगीरों को मिली राहत

**भगतपुर।** विकास खंड भगतपुर की ग्राम पंचायत बाबूपुरा घोसीपुरा के प्रधान प्रतिनिधि शमशेर सिंह एंव राकेश चौधरी मंडल प्रभारी गोरक्षा की ओर से वुधवार को भीषण गर्मी ओर तेज धूप के बीच राहगीरों के लिए पर्वतपुर महानन्द के चौराहे पर राहगीरों के लिए ठंडे पानी और शर्बत पानी के शिविर का आयोजन किया समाजिक सेवा और इंसानियत की मिसाल पेश कर शिविर में राह चलते लोगों ने ठंडा पानी पिकर गर्मी में राहत की सांस ली इस दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों मजदूरों ने पानी पीकर राहत महसूस कर समाजिक सेवा कार्य आयोजन की सराहना की राकेश चौधरी गोरक्षा मंडल प्रभारी ने कहा कि भीषण गर्मी में जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने लोगों से भी गर्मी के मौसम में जरूरतमंदों की मदद करने की अपील कर कहा कि इस मानव सेवा के प्रयास से समाज में सहयोग और संवेदना की भावना को बढ़ावा मिलता हैं स इस दौरान राकेश चौधरी मंडल प्रभारी गोरक्षा, प्रधान प्रति. निधि शमशेर सिंह,मोहित कुमार प्रदेश अध्यक्ष गोरक्षा, प्रमोद कुमार, रिंकू,अमित ठाकुर,भूपेंद्र सिंह,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बकाया वसूली को पहुंचे बैंक सहायक प्रबंधक को दी जान से मारने की धमकी


**चन्दौसी।** उ0प्र0 ग्रामीण बैंक रीठ शाखा के सहायक प्रबंधक सुधांशु मिला पुत्र कृष्णकांत मिश्रा ने थाना कुढ़फतेहगढ़ में तहरीर देकर दो लोगों पर अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर में बताया गया कि वह बुधवार को लगभग 12 बजे बैंक के बकाया ऋण की वसूली के सिलसिले में ग्राम बहोरनपुर स्योंडारा स्थित बकायेदार रुमसिंह एवं मानसिंह पुत्रगण रामचंद्र के घर पहुंचे थे। वहां उनकी मुलाकात मानसिंह से हुई। जब उन्होंने बैंक का बकाया जमा करने के लिए कहा तो दोनों आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। सहायक प्रबंधक का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीडिघ्त ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# कुंदरकी हाईवे पर रोडवेज बस और कार की भिड़ंत, किशोरी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** क्षेत्र के हुसैनपुर चिरावली हाईवे पर बुधवार सुबह रोडवेज बस और सिलेरियो कार की आमने-सामने की टक्कर में 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार कार सवार परिवार उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले का रहने वाला है, जो बदायूं स्थित काली माता मंदिर में जात लगाने जा रहा था। इसी दौरान मुरादाबाद-बिलारी मार्ग पर रोडवेज बस और कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में पायल पुत्री रामदास (14) की मौके पर मौत हो गई। वहीं स्वाति चौहान, अमित, नेहा, रामविलास, आरुष चौहान, रित्विक और रेखा घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गर्भवती महिला स्वाति चौहान और वृद्ध रामविलास को जिला अस्पताल रेफर कर दिया





गया। सूचना पर पहुंची उत्तर प्रदेश पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारु कराया गया।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

# राजस्थान ने एसआर को 244 रन का टारगेट दिया

**हैदराबाद को पारी की दूसरी बाल पर झटका, सूर्यवंशी ने 97 रन की पारी खेली, क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा**



**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद को 244 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 243 रन बनाए।

जवाब में हैदराबाद ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बना लिए हैं। ईशान किशन और ट्रैविस हेड क्रीज पर हैं। टीम को पारी की दूसरी ही बाल पर पहला झटका लगा। जोफ्रा आर्चर ने अभिषेक शर्मा को आउट कर दिया। वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों पर 334.48 की स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए। उन्होंने पारी में 12 छक्के और 5 चौके लगाए। वैभव एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 छक्के लगाए थे, जबकि सूर्यवंशी इस सीजन 65 सिक्स जमा चुके हैं।

ध्रुव जुरेल ने अपनी सबसे तेज फिफ्टी लगाई। उन्होंने 20 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। वहीं, हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। आखिरी ओवर में हैदराबाद ने शानदार वापसी करते हुए सिर्फ 5 रन दिए। नांद्रे बर्गर रन आउट हो गए, जबकि रवींद्र जडेजा आखिर तक 12 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम 20 ओवर में 243/8 के स्कोर तक पहुंची। नीतीश रेड्डी ने शानदार ओवर डालते हुए सिर्फ 5 रन दिए और जोफ्रा आर्चर का विकेट भी लिया। आर्चर लो फुलटॉस पर बड़ा शाट लगाने गए, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन पर गई जहां अभिषेक शर्मा ने बेहत. रीन कैच पकड़ लिया। दासुन शनाका ज्यादा देर टिक नहीं सके और 5 रन बनाकर आउट हो गए। ईशान मलिंगा की शार्ट गेंद पर बड़ा शाट लगाने की को. शिश में वह चूक गए और अभिषेक शर्मा ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। 16वें ओवर में रियान पराग की पारी का अंत हो गया। चोट के बावजूद बल्लेबाजी कर रहे पराग ने शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन हेनरिक क्लासन ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। प्रफुल हिंगे ने उन्हें 12 गेंदों में 26 रन पर आउट किया। ध्रुव जुरेल ने सिर्फ 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर प्रफुल हिंगे ने उन्हें आउट कर दिया। जुरेल 21 गेंदों में 50 रन बनाकर नीतीश रेड्डी के हाथों कैच आउट हुए। 14 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 192/3 है। युवराज सिंह भी सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हो गए। उन्होंने लिखा, बास बेबी ने दुनिया के दिग्गजों का रिकार्ड तोड़ दिया! यकीन करना मुश्किल है, इस बच्चे को बल्लेबाजी करते देखना शानदार है। ध्रुव जुरेल ने पैट कमिंस के ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाए। इस ओवर में 17 रन बने। 12 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 168/2 हो गया है। 11वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 29 रन बनाकर आउट हो गए। शिवांग कुमार की गुगली पर जायसवाल ने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन अभिषेक शर्मा ने कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी 97 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने प्रफुल हिंगे की गेंद पर थर्ड मैन के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन आर स्मरण ने शानदार कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों में 97 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 12 छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी ने क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 जमाए थे। सूर्यवंशी इस सीजन 65 छक्के जमा चुके हैं। सूर्यवंशी अपना अर्धशतक पूरा कर चुके हैं।

## खेल विशेष

### जानिक सिनर व कोको गॉफ ने जीत से की शुरुआत

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाघे जानिक सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर के खिलाफ पहले राउंड में 6-1, 6-3, 6-4 से शानदार जीत दर्ज करके यह साबित कर दिया कि वह इस साल का फ्रेंच ओपन जीतने के सबसे बड़े दावेदार क्यों हैं। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण बाहर होने और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के शानदार करियर के अंतिम पड़ाव पर होने के कारण, सिनर 2009 में रौलां गैरो में राफेल नडाल के बाद किसी भी बड़े टूर्नामेंट (मेजर) में जीत के लिए सबसे बड़े दावेदार बन गए हैं। इस बीच पिछली महिला चैम्पियन कोको गॉफ ने अपने फ्रेंच ओपन टाइटल डिफेंस की रोमांचक शुरुआत में कई मुश्किलों का सामना किया, पहले राउंड में जीत हासिल करने से पहले उन्हें एक छोटा कार एक्सीडेंट और ड्रेस में खराबी जैसी समस्याओं से निपटना पड़ा।

### एलिस आयरलैंड की टी-20 विश्व कप टीम में लॉरा डेलानी की जगह लेंगी

**डुबलिन (आयरलैंड), वार्ता।** अठारह साल की एलिस टेक्टर को आगामी महिला टी-20 विश्वकप के लिए आयरलैंड की टीम में चोटिल लॉरा डेलानी की जगह शामिल किया गया है। डेलानी की चोट कैसी है, यह अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह इतनी गंभीर है कि वह टूर्नामेंट और वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान के बीच 28 मई से शुरू होने वाली ट्राई-सीरीज से बाहर हो सकती हैं। डेलानी का न होना आयरलैंड के लिए एक बड़ा झटका है। 33 साल की यह खिलाड़ी देश की सबसे अनुभवी महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 132 मैच खेले हैं। उन्होंने इस प्रारुप में 1659 रन बनाए हैं और 96 विकेट लिए हैं, जो टीम के लिए उनकी ऑल-राउंड अहमियत को दिखाता है। वहीं टेक्टर ने अभी तक अपना टी-20 अंतर्राष्ट्रीय पर्दापण नहीं किया है, लेकिन 2024 में श्रीलंका के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद से वह आयरलैंड के लिए पांच एकदिवसीय मैच खेल चुकी है।

### ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम ने भारत को 2.1 से हराया

**पर्थ, वार्ता।** भारत महिला हॉकी टीम को चार मैचों की मैत्री सीरीज करीबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को खेले गए मुकाबले के पहले क्वार्टर में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारतीय टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय रक्षापंक्ति पहले हाफ में ज्यादातर समय मजबूत रहा और दूसरे क्वार्टर तक अपनी बढ़त बनाए रखी। हालांकि, दूसरे हाफ में मोमेंटम बदल गया जब ऑस्ट्रेलिया की एबी विल्सन ने दो पेनल्टी-कॉर्नर मौकों का फायदा उठाया।

# जीटी की ग्राउंड फील्डिंग उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी: गिल

**पहले गेंदबाजी का फैसला करने के बाद जीटी ने तीन चांस ड्रॉप किए और एक रन आउट का मौका भी गंवाया**



**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 के क्वालिफायर 1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों 92 रनों की करारी हार झेलने के बाद गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि ग्राउंड फील्डिग उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी। पहले गें. दबाजी का फैसला करने के बाद जीटी ने तीन चांस ड्रॉप किए और एक रन आउट का मौका भी गंवाया।

सबसे अहम मौका कगिसो रबाडा ने 14वें ओवर में प्रसिद्ध कृणा के सामने बल्लेबाजी कर रहे रजत पाटीदार का गंवाया, उस समय पाटीदार 13 गेंदों पर 21 रन बनाकर ही खेल रहे थे। 14 ओवर की समाप्ति के बाद आरसीबी का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 140 रन था जो कि धर्मशाला की हाई स्कोरिग पिच को देखते हुए एक पार स्कोर था। इसके बाद पाटीदार ने आक्रमण शुरू किया और अंतिम छह ओवर में आरसीबी ने 114 रन बटोर लिए। पाटीदार ने 33 गेंदों पर नाबाद 93 रनों की पारी खेली। गिल ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम 12वें, 13वें ओवर तक हम अच्छी तरह आगे बढ़ रहे थे और मुझे नहीं लगता कि फील्डिग उतनी अच्छी थी। हमने कुछ कैच छोड़े और फिर ग्राउंड फील्डिग भी उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी। जीटी की आधी टीम भी पावरप्ले में ही पवेलियन लौट गई थी और 51 के स्कोर पर उनके पांच विकेट गिर चुके थे। एक समय तो वह 88 पर आठ थे लेकिन राहुल तेवतिया के अर्धशतक की बदौलत वह 162 तक पहुंचने में सफल रहे। अंतिम ओवर में उनकी पारी सिमट गई। गिल ने कहा, दबाव भरी परिस्थितियों में हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। अगर आप इस ग्राउंड में पावरप्ले में अच्छा स्कोर करते हैं तो हमें पता है कि यहां गेंद ट्रैवल करती है और यहां की आउटफील्ड भी काफी तेज है। जिस तरह से विकेट खेल रही थी, वैसी परिस्थिति में अगर एक अच्छा पावरप्ले जाता तो इस तरह के मैदान और परिस्थितियों में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता था।

जीटी के पास फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका 29 मई को क्वालीफायर 2 में होगा जब वह न्यू चंडीगढ़ में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले जाने वाले एलिमिनेटर मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। अफगानिस्तान ने की भारत के साथ आगामी सीरीज के लिए टीम की घोणा काबुल। अफगानिस्तान ने हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई में भारत के साथ आगामी टेस्ट और एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोणा कर दी है। यह टेस्ट मैच 2018 के बाद से भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की पहली रेड-बॉल भिड़ंत होगी, जब अफगानिस्तान ने टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण किया था। अफगानिस्तान टेस्ट टीम में स्टार स्पिनर राशिद खान और बल्लेबाज इब्राहिम जदरान शामिल नहीं हैं, हालांकि दोनों खिलाड़ियों को भारत के खिलाफ सीरीज के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है।

टेस्ट टीम में नांग्याल खारोटी, बिलाल सामी और रहमानुल्लाह जदरान को पहली बार शामिल किया गया है, जबकि स्पिनर कैस अहमद सेटअप में वापस आ गए हैं। सेदिकुल्लाह अटल और अजमतुल्लाह ओमरजई को भी शामिल किया गया है, दोनों खिलाड़ियों ने अब तक केवल एक टेस्ट मैच खेला है, जो 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ था। इस बीच, भारत सीरीज के दोनों लेग के लिए अपनी टीम में जसप्रीत बुमराह की सर्विस नहीं लेगा। सीरीज छह जून को न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू होगी। अफगानिस्तान टेस्ट टीम: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह जदरान, अफसर जजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुदीन अशरफ, नांग्याल खारोताई, कैस अहमद, बिलाल सामी, जिया शरीफी, सलीम सफी अफगानिस्तान वनडे टीम: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जदरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, रहमत शाह, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह ओमरजई, राशिद खान, नांग्याल खारोताई, एएम गजनफर, जिया यू रहमान शरीफी, फरीद मलिक, बिलाल सामी।

# पर्पल कैप की रेस में अभी भी कर्गिसो रबाडा से आगे हैं भुवनेश्वर कुमार

**पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर व कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे**



**धर्मशाला, वार्ता।** क्वालिफायर-1 एकतरफा मुक. ाबला रहा, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को 92 रन से रौंदकर आईपीएल 2026 के फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। लेकिन मुकाबले के भीतर चल रही लड़ाइयों, खासकर ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में काफी रोमांच देखने को मिला। पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर कुमार और कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे। मुकाबला खत्म होने तक दोनों के खाते में 26-26 विकेट हो गए। रबाडा ने पहले वार किया। उन्होंने दूसरे ओवर में वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया और बाद में 17वें ओवर में क्रुणाल पंड्या को भी आउट किया। हालांकि, यह रात उनके लिए ज्यादा सुखद नहीं रही क्योंकि वह जीटी के सबसे महंगे गेंदबाजों में से एक रहे। उन्होंने चार ओवर में 54 रन दिए और उनकी इकॉनमी 13-50 रही। भुवनेश्वर का दिन इससे कहीं बेहतर रहा। शुभमन गिल चौथे ओवर में उनका शिकार बने और फिर 19वें ओवर में उन्होंने राहुल तेवतिया को आउट कर 2/28 के आंकड़े के साथ मैच को खत्म किया। दोनों गेंदबाजों की इकॉनमी में अंतर कोई चौंकाने वाली बात नहीं थी। इस सीजन में भुवनेश्वर ने 8.00 की इकॉनमी से रन दिए हैं, जबकि रबाडा की इकॉनमी 9.48 रही है। यही वजह है कि पर्पल कैप अभी भी भुवनेश्वर के सिर पर है। बाकी गें. दबाजों में, जेसन होल्डर ने एक ही ओवर में विराट कोहली और देवदत्त पड्क्किल को आउट कर दो विकेट लिए। इसके साथ ही वह सिर्फ नौ मैचों में इस सीजन में 15 विकेट तक पहुंच गए और फलिहाल 12वें स्थान पर आ गए हैं।

# युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

**रोम, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी ने अपने-अपने जोड़ीदों के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पुरा युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में युकी भांबरी और उनके जोड़ी न्यूजीलैंड के माइकल वीनस ने अर्जेंटीना के फांसिस्को सेरुंडोलो और मारियानो केस्टेलबोइम को 7-5, 6-2 से हराकर रोलैंड गैरोस के अगले राउंड में जगह बनाई। पहला सेट 11वें अहम गेम तक सर्व पर रहा,

जब युकी भांबरी और माइकल वीनस ने अर्जेंटीना की जोड़ी के खिलाफ निर्णायक ब्रेक हासिल किया और फिर अगले गेम में सर्व बनाए रखते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। अपनी तरफ से मोमेंटम के साथ, युकी भांबरी और माइकल वीनस ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही अर्जेंटीना की जोड़ी को फिर से ब्रेक किया और फिर एक घंटे 23 मिनट में मुकाबले को अपने नाम कर लिया। युकी भामरी फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल ड्रॉ का भी हिस्सा हैं। वह बुधवार को पहले राउंड में नीदरलैंड्स के डेविड पेल और यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक से मुकाबला करने के लिए एलेक्जेंड्रा पनोवा के साथ पार्टनरशिप करेंगे। इस बीच, पेरिस 2024 ओलंपियन एन श्रीराम बालाजी और उनके जोड़ीदार ब्राजील के मार्सेलो डेमोलिनर ने जर्मनी के कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और नीदरलैंड्स के तीन बार के ओलंपियन रॉबिन हासे को एक घंटे 46 मिनट में 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। एन श्रीराम बाला. जी और मार्सेलो डेमोलिनर ने अच्छी शुरुआत की, तीसरे गेम की शुरुआत में ही कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और रॉबिन हासे की सर्विस तोड़कर ओपनिंग सेट पर कंट्रोल कर लिया। इंडो-ब्राजील की जोड़ी ने फिर नौवें गेम में अपना तीसरा सेट पॉइंट मौका बदलकर दूसरा ब्रेक हासिल किया और आगे बढ़ गए। कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और रॉबिन हासे ने दूसरे सेट में सातवें गेम में बालाजी और डेमोलिनर की सर्विस तोड़कर जवाब दिया, फिर अपनी सर्विस मजबूती से बनाए रखी और मुकाबला बराबर कर दिया और डिसाइडिग सेट में जगह पक्की कर ली। फैंटजेन और हासे डिसाइडिग सेट में शुरुआत में ही लड़खड़ा गए, दूसरे गेम में सर्विस गंवा दी और इंडो-ब्राजीलियन जोड़ी को ब्रेक का फायदा उठाकर मैच खत्म करने और दूसरे राउंड में जगह बनाने का मौका मिल गया। वरिठ खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह का निधन नई दिल्ली। वरिठ खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह का निधन हो गया है।

# सिनर और सबालेंका आगे बढ़े मेदवेदेव और पेगुला बाहर

**पेरिस, वार्ता।** पुरुषों और महिलाओं के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जानिक सिनर और आर्यना सबालेंका 2026 फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में आसानी से पहुंच गए, जबकि दानिल मेदवेदेव और जेसिका पेगुला को पहले ही दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा।





सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर को 6.1, 6.3, 6.4 से आसानी से हरा दिया, जिससे उनकी जीत का सिलसिला 30 मैचों तक पहुंच गया। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद, यह इतालवी खिलाड़ी खिताब का सबसे बड़ा दावेदार बन गया था। सिनर ने कोर्ट पर दिए अपने इंटरव्यू में कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक बहुत ही खास जगह है और यहां मेरी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं। पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते, लेकिन रात के सत्र में टूर्नामेंट की शुरुआत करना और भी खास होता है, इसलिए आप सभी का यहां रुकने के लिए धन्यवाद। इस बीच, छठी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा, जब ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड एडम वाल्टन ने उन्हें पांच सेटों के एक रोमांचक मुकाबले में 6.2, 1. 6, 6.1, 1.6, 6.4 से हरा दिया। सत्रह वर्षीय फ्रेंच वाइल्डकार्ड मोइज कौमे ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 7.6 (4), 6.2, 6.1 से हराकर घरेलू दर्शकों में जबरदस्त उत्साह भर दिया।

# आरसीबी ने दिखाया नॉकआउट मैच में ऐसे प्रदर्शन की जरूरत होती है: कुंबले

**धर्मशाला, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने क्वालिफायर 1 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 92 रनों की जीत के साथ आईपीएल के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर जियो स्टार के एक्सपर्ट अनिल कुंबले ने आरस. ीबी की शानदार जीत का विश्लोण किया और रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी पर बात की।



कुंबले ने आरसीबी की जीत का विश्लोण करते हुए कहा, टॉस हारने के बाद, आरसीबी ने बोर्ड पर 254 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करके अपना सर्वश्रेठ प्रदर्शन किया। किसी भी मैच में इतने रन बनाना मुश्किल होता है, लेकिन प्लेऑफ में ऐसा करना असली हिम्मत दिखाता है। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों को फिर भी मैदान पर उतरकर अपना काम करना था। उन्होंने यह काम शानदार ढंग से किया, जिसमें रजत पाटीदार ने आगे बढ़कर कप्तानी की और विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने भी अच्छा योगदान दिया।

कुंबले ने कहा कि जब आरसीबी गेंदबाजी करने उतरी, तो उन्होंने जीटी के ओपनर्स को जमने नहीं दिया। उन्होंने कसी हुई लाइन पर गें. दबाजी की, दबाव बनाए रखा, और साई सुदर्शन के दुर्भाग्यपूर्ण आउट होने से उन्हें शुरुआती सफलता मिल गई। उस विकेट ने जीत के दरवाजे खोल दिए। वहां से, आरसीबी के गेंदबाजों ने मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया। यह शुरू से लेकर अंत तक एक बेहत. रीन प्रदर्शन था। गेंदबाजी, बल्लेबाजी, फील्डिग - उस रात आरसीबी के लिए सब कुछ एकदम सही रहा। वे सिर्फ जीते ही नहीं, उन्होंने एक बयान दिया है। नॉकआउट मैच में आपको इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत होती है।

रजत पाटीदार की पारी और कप्तानी पर कुंबले ने कहा कि एक खिलाड़ी अपने साथियों का सम्मान तब कमाता है, जब वह बड़े मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है। रजत पाटीदार ने ठीक यही किया है। यह पहला क्वालिफायर आरस. ीबी के लिए बहुत बड़ा मैच था। पहला क्वालिफायर जीतकर सीधे फाइनल में पहुंचने से आपको बहुत बड़ा फायदा मिलता है। तीन या चार दिन का आराम खिलाड़ियों को मान. सिक और शारीरिक रूप से ठीक होने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि पहला क्वालिफायर जीतने का यही एक बड़ा फायदा है।

## ईदगाह में सुबह 7:30 बजे होगी बकरीद की नमाज सुरक्षा और सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद

**मुरादाबाद।** बकरीद के पावन अवसर पर शहर की ऐतिहासिक ईदगाह में सुबह 7:30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की जाएगी। नमाज को लेकर प्रशासन, नगर निगम और ईदगाह कमेटी की ओर से तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। ईदगाह परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।नगर निगम की टीमों ने ईदगाह रोड, आसपास की गलियों और प्रमुख मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया है। नमाज के दौरान भारी संख्या में लोगों के पहुंचने को देखते हुए अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं पेयजल के लिए टैंकर और अस्थायी जलपान व्यवस्था भी की गई है।पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ईदगाह परिसर के आसपास पुलिस बल की तैनाती रहेगी, जबकि संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को भी विशेष निर्देश दिए गए हैं। नायब शहर इमाम मुफ्ती सैयद फहद अली ने सभी लोगों से भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए सोशल मीडिया पर कुर्बानी से जुड़ी फोटो या वीडियो साझा करने से बचें।ईद को लेकर शहर के बाजारों और मुस्लिम बहुल इलाकों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों ने खरीदारी पूरी कर ली है और त्योहार को शांतिपूर्ण व उल्लासपूर्ण माहौल में मनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं।



## उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने मनाया 100वां स्थापना दिवस

**मुरादाबाद।** उ०प्र० लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन की जनपद शाखा मुरादाबाद द्वारा बुधवार को संगठन का 100वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। संगठन के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह कार्यक्रम जनपदीय कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन प्रान्तीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार किया गया। इसी क्रम में लखनऊ स्थित रविन्द्रालय परीक्षागृह में भी प्रान्तीय स्तर पर भव्य स्वर्ण जयंती एवं स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुरादाबाद शाखा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी वी.के. शर्मा उपस्थित रहे। वहीं क्षेत्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार सहित जनपदीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य समारोह में शामिल हुए।समारोह के दौरान संगठन से जुड़े सेवा. निवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष श्री मोहम्मद याकूब ने किया। वक्ताओं ने संगठन के 100 वर्षों के संघर्ष, उपलब्धियों और कर्मचारी हितों के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया है।मुख्य अतिथि वी.के. शर्मा ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए नए और पुराने साथियों से संगठन तथा उसके पदाधिकारियों के प्रति सम्मान और निष्ठा बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने एकजुटता को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताया।



## ईद-उल-अजहा पर महानगर में डायवर्जन प्लान लागू सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक कई मार्ग रहेंगे बंद

**मुरादाबाद।** महानगर में ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर यातायात पुलिस ने विशेष रुट डायवर्जन प्लान जारी किया है। चांद दर्शन के अनुसार 28 मई को मनाए जाने वाले बकरीद के अवसर पर थाना गलशहीद क्षेत्र स्थित ईदगाह में सुबह 7:30 बजे नमाज अदा की जाएगी, जबकि शहर की अन्य मस्जिदों में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक नमाज होगी। नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाई गई है।यातायात पुलिस के अनुसार हनुमान मूर्ति तिराहा, इंपीरियल तिराहा, कोहिनूर तिराहा, इन्द्रा चौक, मंडी चौक और सम्भली गेट से शहर के अंदर जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। इन मार्गों पर केवल पैदल लोगों को आने-जाने की अनुमति होगी।इसके अलावा कांठ और दिल्ली रोड से रेलवे स्टेशन तथा इंपीरियल तिराहा की ओर जाने वाले चार पहिया, तीन पहिया और भारी वाहन केवल फव्वारा तिराहा तक ही जा सकेंगे। फव्वारा तिराहा से आगे केवल दोपहिया वाहनों को अनुमति दी जाएगी।रोडवेज एवं प्राइवेट बसों के संचालन में भी बदलाव किया गया है। बिजनौर और कांठ की ओर से आने वाली बसें सुबह 6 बजे तक सामान्य रूप से चलेंगी, जबकि उसके बाद नई तहसील और किला तिराहा से ही वापस लौट जाएंगी। वहीं सम्भल, दिल्ली और बिलारी रोड की बसें आजाद नगर मोड़ तक तथा रामपुर, बरेली, काशीपुर, टांडा और बाजपुर की ओर से आने वाली बसें काशीपुर तिराहा तक ही संचालित होंगी। यातायात विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि माल गोदाम से संचालित भारी वाहनों का शहर में प्रवेश सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर यातायात व्यवस्था में समयानुसार बदलाव भी किया जा सकता है।

## पुत्र व बहू पर वृद्ध महिला और बेटियों से मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी 80 वर्षीय जायदा खातून ने अपने पुत्र मेराज आलम और उसकी पत्नी नाजिश खातून पर मारपीट, गाली-गलौज और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार मेराज आलम ने करीब एक माह पूर्व प्रेम प्रसंग के चलते दूसरी शादी की थी। आरोप है कि शादी के बाद से वह और उसकी पत्नी आए दिन जायदा खातून तथा उनकी दो पुत्रियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। साथ ही मकान बेचने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। शिकायत में बताया गया कि 22 मई 2026 की सुबह करीब आठ बजे दोनों आरोपियों ने उनकी दोनों पुत्रियों के साथ मारपीट की। इस दौरान मोबाइल फोन भी तोड़ दिए गए और परिवार को घर से निकालने की धमकी दी गई। मारपीट में दोनों पुत्रियों के घायल होने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि घटना के दिन थाना ठाकुरद्वारा में तहरीर दी गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 25 मई को दोबारा शिकायत दर्ज कराई गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने मेराज आलम और उसकी पत्नी नाजिश खातून के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भतीजों के साथ मारपीट व गाली गलौज, तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम रूपपुर टंडोला में दो युवकों के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूपपुर टंडोला निवासी राजवीर सिंह पुत्र रिशाल सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया गया कि 26 मई 2026 की शाम करीब आठ बजे उनके भतीजे अजय और मनीष पुत्र धर्मवीर सिंह किसी काम से गांव से बाहर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में जयपाल सिंह के घर के सामने पहुंचने पर वहां खड़ा मोहित पुत्र जयपाल सिंह उन्हें देखकर गाली-गलौज करने लगा।

जब अजय और मनीष ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि जयपाल सिंह पुत्र हेमराज सिंह, मोहित तथा रेखा पत्नी जयपाल सिंह घर से बाहर आ गए और दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में दोनों को चोटें आईं। पुलिस ने राजवीर सिंह की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी

## अवैध शस्त्र मामले में जेल व अर्थदंड की सजा

**चन्दौसी।** संभल पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते अवैध शस्त्र के एक मामले में दोषी को न्यायालय ने जेल और अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार थाना असमोली में वर्ष 2002 में दर्ज मुकदमा संख्या 224/2002 धारा 25 आयुध अधिनियम के मामले में अभियुक्त भूरा पुत्र छोटे निवासी ग्राम रचेटा थाना असमोली के विरुद्ध न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय जेएम-1 संभल ने आरा. `पी को दोषी करार देते हुए दो दिन के कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। इस कार्रवाई में एपीओ रामविलास तथा कोर्ट पैरोकार कांस्टेबल आत्मानंद की भूमिका रही।

## संभल समेत कई जिलों में आंधी-तूफान और वज्रपात का अलर्ट

**चन्दौसी।** मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और वज्रपात को लेकर चेता. वनी जारी की है। विभाग के अनुसार संभल समेत पश्चिमी, मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में तेज हवाओं के साथ मौसम खराब होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुता. बिक कुछ क्षेत्रों में 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है, जबकि झोंकों के दौरान हवा की गति 90 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की आशंका है। अलर्ट जारी किए गए जिलों में उत्तर प्रदेश के संभल, मुरादाबाद, अमरोहा, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कानपुर नगर, लखनऊ, रायबरेली, प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, सोनभद्र, झांसी, महोबा और ललितपुर समेत कई जिले शामिल हैं वज्रपात की भी संभावना जताई है। किसानों को सलाह दी गई है कि मौसम को देखते हुए फसलों और पशुओं की सुरक्षा के इंतजाम पहले से कर लें।प्रशासन को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया। किसरौल स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता असलम खुर्शीद के नेतृत्व में पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर असलम खुर्शीद ने कहा कि पंडित नेहरू का त्याग, संघर्ष और बलिदान आज की राजनीति के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1929 में पहली बार तिरंगा फहराकर पूर्ण स्वराज की मांग करने वाले नेहरू ने लंदन से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद देश की आजादी की लड़ाई में खुद को समर्पित कर दिया। उनका जीवन राष्ट्र सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक था।असलम खुर्शीद ने कहा कि अपनी चल-अचल संपत्ति देश को दान करने वाले नेता के खिलाफ चरित्र हनन की राजनीति करना संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में पंडित नेहरू का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनूप दुबे, एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष भयंकर सिंह बौद्ध, अल्पसंख्यक विभाग चेयरमैन अफजल साबरी, राजेंद्र वाल्मीकि, मोहतशीम मुख्तयार, शहजाद खान, तस्लीम सिद्दीकी, अकरम अंसारी, मुकर्रम और पार्षद जुनैद सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन युवक कांग्रेस देहात विधानसभा अध्यक्ष अरमान खुर्शीद एडवोकेट ने किया।



## विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने 3.03 करोड़ की दो सड़कों का किया भूमि पूजन, निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुंदरकी, मुरादाबाद।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने विकास खंड कुंदरकी के ग्राम हुसैनपुर छिरावली से 3 करोड़ 3 लाख रुपये की लागत की दो सड़कों का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराया। इनमें ग्राम हुसैनपुर छिरावली से नानपुर तक 1.50 किमी लंबा मार्ग लागत 115.22 लाख और सुनारी से इमरतपुर उधो तक 2 किमी लंबा मार्ग लागत 188.63 लाख शामिल है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के समग्र विकास में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि ये सड़कें लंबे समय से खराब हालत में थीं, जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती थी। अब नई सड़क बनने से बच्चों को स्कूल आने-जाने, किसानों को उपज बाजार तक पहुंचाने और आम जनता को सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। बरसात में यहां से निकलना मुश्किल हो जाता था। दोनों सड़कों का निर्माण तय समयसीमा में पूरा करा लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क देना सरकार की प्राथमिकता है। क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। क्षेत्रीय लोगों ने इन मार्गों के निर्माण की मांग की थी। विधायक के प्रयास से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मार्गों के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकार किया था। भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, ग्राम प्रधान, स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में सभी ने क्षेत्र के विकास के लिए विधायक ठाकुर रामवीर सिंह का आभार जताया।



## एक नजर

### ईद-उल-अजहा को लेकर बिलारी पुलिस का फ्लैग मार्च

**बिलारी।** ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बिलारी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह के निर्देशन में नगर के प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। कोतवाली से चलकर ईदगाह रोड, मुख्य बाजार, प्रमुख चौराहों तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल ने पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान सीनियर सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार, अपराध निरीक्षक नरेश कुमार, कस्बा इंचार्ज सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों, राहगीरों एवं स्थानीय लोगों से संवाद कर आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही लोगों को आश्वस्त किया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने कहा कि ईद-उल-अजहा के पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। नगर में लगातार गश्त एवं निगरानी की जा रही है ताकि आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। फ्लैग मार्च को देखकर लोगों ने पुलिस प्रशासन की सक्रियता की सराहना की और सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष जताया।



### विवाहिता ने मायके पक्ष के लोगों पर मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक काजी की रहने वाली विवा. हिता ने मायके पक्ष के लोगों के विरुद्ध मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक काजी निवासी राखी पत्नी विराज सागर उर्फ दीपू ने मुकदमा दर्ज कराया कि 24 मई को उसके बच्चे दरवाजे पर खेलते हुए मायके के दरवाजे पर चले गए। जब वह अपने बच्चों को लेने दरवाजे पर पहुंची तो उसके पिता किशनपाल के अलावा भाई अवधेश, व उनकी पत्नी बबली के अलावा भाई अमरीश ने उनकी सास व नंद के साथ मारपीट की। इस बीच सास को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। तहरीर के बाद पुलिस ने पिता, भाई व भाभी पर मुकदमा दर्ज किया है।

### ज्यादा चक्कर लगाने की होड में डंपरों से हो रहे हैं आए दिन हादसे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कांठ- अमरोहा रोड पर कोठी खिदमतपुर के पास अनियंत्रित डंपर ने फिर कहर बरपाया। हनुमान मंदिर परिसर में घुसे डंपर ने तीन की जान ले ली जबकि चार गंभीर हैं। इसी के बाद एक बार फिर से लोगों में बेकाबू डंपरों को लेकर आक्रोश है। आरोप है कि बेकाबू डंपरों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।लोगों के अनुसार, मुरादाबाद मंडल के पांचों जनपदों मुरादाबाद, अमरेहा, रामपुर, संभल व बिजनौर में उत्तराखंड से रेता-बजरफुट आता है। बिजनौर में डंपर मुरादाबाद के वाया ठाकुरद्वारा होकर प्रवेश करते हैं। अमरोहा के लिए दलपतपुर-अलीगंज मार्ग का प्रयोग करते हैं। मुरादाबाद की नेफा चौकी, ठाकुरद्वारा की सूर्यनगर चौकी व रामपुर की दढ़ियाल चौकी उत्तराखंड की सीमा से जनपदों में प्रवेश के मुख्य मार्ग हैं। यहां ज्वाइंट टीमें रहतीं हैं। सीसीटीवी से निगरानी रहती है। बावजूद डंपर चालकों व मालिकों की मनमानी जारी हैस कांठ होते हुए अमरोहा जाना होता है तो ठाकुरद्वारा मार्ग ही पकड़ते हैं। यहां से डिलारी, कांठ होते उमरी होते ही अमरोहा की सीमा में प्रवेश करते हैं। इसी रूट से डंपर आ रहा था। इसीलिए घटनास्थल अमरोहा-मुरादाबाद का बार्डर है। मुरादाबाद में प्रवेश के लिए ठाकुरद्वारा मार्ग के साथ दलपतपुर-अलीगंज मार्ग का प्रयोग करते हैं। संभल जनपद के लिए भी इस मार्ग का प्रयोग होता है। डींगरपुर होते होते हुए वाया चंदौसी डंपर आगे बढ़ते हैं। रामपुर में प्रवेश के लिए टांडा-मुरादाबाद मार्ग पर डंपर दौड़ते हैं। इससे पहले भी तमाम लोग जान गवां चुके हैं। बावजूद पुलिस, प्रशासन व आरटीओ की ओर से डंपर चालकों की रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है।




### ईद को लेकर पुलिस अलर्ट निकाला फ्लैग मार्च

**कांठ( शाह टाइम्स )** ईद को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में नगर एवं क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर अवांछनीय तत्वों को सचेत किया गया है। गुरुवार को ईद उल अजहा का पर्व मनाया जाना है जिसके लिए गांव-गांव नगर नगर नमाज अदा होनी है इसके बाद कुर्बानी का दौर शुरू होना है पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गई है। आज पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस फोर्स के साथ नगर एवं क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को शांतिपूर्वक ईद का पर्व संपन्न कराने का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके पर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बिना नंबर प्लेट के चल रहे तीन डंपरों को किया सीज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** देर शाम हुई घटना के बाद आज कांठ पुलिस ने डंपरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर दी बिना नंबर प्लेट के चल रहे तीन डम्परों को सीज किया है। बतादे कि क्षेत्र में चल रहे खनन के कारण सड़कों पर दिनभर तेज रफ्तार से डम्पर दौड़ रहे हैं जिनसे अक्सर कोई ना कोई हादसा हो जाता है मंगलवार की शाम को कोठी खिदमतपुर के पास ऐसे ही एक डंपर द्वारा तीन लोगों की जान चली गई और कई लोग उसमें घायल हुए घटना हालांकि अमरोहा क्षेत्र में हुई लेकिन कांठ पुलिस इसके बाद तुरंत सक्रिय हो गई आज डंपर चालकों पर शिकंजा कसा गया ट्रैफिक पुलिस ने भी तेज हॉर्न लगाकर चलने वाले ट्रक एवं डंपरों के खिलाफ कार्रवाई की तो थाना पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के सड़क पर दौड़ रहे तीन डंपरों को सीज कर दिया। अचानक पुलिस कार्रवाई से डम्पर चालकों में हड़कंप मच गया और दोपहर बाद सड़क पर डंपरों की आवाजाही भी कुछ कम हुई।



## टीएमयू फार्मेसी की स्मृति संध्या में आकिब मिस्टर और अरीबा चुनी गई मिस फेयरवेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फार्मेसी की फेयरवेल पार्टी- स्मृति संध्या में फार्मडी के आकिब को मिस्टर फेयरवेल और डीफार्म की अरीबा खान को मिस फेयरवेल चुना गया। फार्म डी के छात्र आदर्श को बेस्ट परफॉरमेंस के लिए स्टार ऑफ द ईव के खिताब से नवाजा गया। एम फार्म की छात्रा कु. वामा शर्मा को बेस्ट ऑउटफिट बी फार्म के छात्र पार्थ यादव को बेस्ट एंटरटेनर टाइटल्स से नवाजा गया। फार्म डी के स्टुडेंट्स ने कॉलेज लाइफ पर मनमोहक नाट्य-नृत्य की प्रस्तुति से अविस्मरणीय पलो को जीवंत किया। बी फार्म के स्टुडेंट्स ने उत्तम मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पर ड्यूल पर्सनालिटी पर संवेदनशील नाट्य प्रस्तुति दी, जबकि डिप्लोमा फार्मेसी के स्टुडेंट्स ने सामाजिक सौहाद्रता, समावेशन और समरसता को लाकर एकता में शक्ति को प्रदर्शित करते हुए अपनी नाट्य प्रस्तुति दी। स्मृति संध्या में जूनियर और सीनियर छात्रों ने नृत्य, गीत और मनोरंजक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। रैंप वॉक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें स्टुडेंट्स ने पारंपरिक और आधुनिक परिधानों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रैंप वाक के बाद टास्क आधारित चुनोतियों और प्रश्नोत्तरी चरण के बाद मिस्टर और मिस फेयरवेल का चयन किया गया। ऑडिटोरियम के प्रवेश द्वार पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर स्टुडेंट्स ने उत्साहपूर्वक फोटोग्राफी कर यादगार पल संजोए। समारोह के दौरान स्टुडेंट्स ने अपने कॉलेज जीवन की सुनहरी यादें साझा कीं। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलवन के संग फेयरवेल पार्टी- स्मृति संध्या का ऑडी में शंखनाद हुआ। उप-प्राचार्य प्रो. मयूर पोरवाल ने स्टुडेंट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ स्मृति तिवारी और श्रीमती दीक्षा वर्मा ने जजेस की भूमिका निभाई और प्रतिभागियों का कम्युनिकेशन स्किल, प्रेजेंटेशन, और गुणवत्ता जैसे ही अन्य बिन्दूओ पर मूल्याङ्कन कर विजेताओं का चयन किया। फेयरवेल पार्टी में डॉ. आशीष सिंघई, श्री सिद्धांत त्यागी, डॉ. ललित नैनवाल, श्रीमती उर्वशी सक्सेना, डॉ. प्रीती यादव, डॉ पुष्पेन्द्र शुक्ला, डॉ आदित्य जैन, मानसी, अनुष्का, कृति रोहिल्ला, डॉ. आशुतोष पाठक आदि के संग-संग बीफार्म, डीफार्म, फार्मडी आदि के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

संचालन फैकल्टी डॉ. अनुराधा पवार ने किया।




## भीषण गर्मी में इंसानियत की मिसाल गांधी मूर्ति के निकट दुकानदारों ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**बिलारी।** भीषण गर्मी और तेज धूप से परेशान राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए बिलारी स्थित गांधी मूर्ति के निकट इब्राहिमपुर हाउस मॉल के दुक. ानदारों ने सराहनीय पहल करते हुए शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और बाजार आने-जाने वाले लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई गई। दुकानदारों की इस नेक पहल की लोगों ने जमकर प्रशंसा की। राहगीरों का कहना था कि तपती गर्मी में इस तरह की सेवा मानवता की सच्ची मिसाल है। शरबत वितरण के दौरान क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और सहयोग का सुंदर माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुलफाम, रमेश सैनी, सरफराज, सोनू, अमित, मोनू, विकास चौधरी, कासिम, मोहम्मद फैजान सहित अन्य दुकानदारों का भरपूर सहयोग रहा। सभी ने मिलकर लोगों की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य करने का संकल्प लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि समाज में इस तरह की पहलें दूसरों को भी प्रेरणा देती हैं और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देती हैं।





Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# होर्मुज पर सहमति

क्या वाकई एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवा. जाही शुरू हो जाएगी। अगर ईरान की मिजान न्यूज एजेंसी की मानें, तो यह संभव लगता है। इस न्यूज एजेंसी ने अमेरिका ईरान संभावित शांति समझौते के ड्राफ्ट को लेकर नई जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास तैनात अपनी सैन्य ताकत हटाने पर सहमत हुआ है और अपनी नोसैनिक घेरा. बंदी खत्म करेगा, इसके बदले में ईरान तीस दिनों के भीतर होर्मुज में व्यवसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। हालांकि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। इतना ही नहीं होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करने की बात रिपोर्ट में कही गई है, लेकिन साथ ही एजेंसी का यह भी कहना है कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना किसी ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। जहां तक बात अमेरिका की है, उसकी तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जाहिर है अभी जो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, उन पर पेंच बराबर फंसा हुआ है। ईरान के बीच हाईली एनरिच्ड यूरेनियम प्रतिबंधों में राहत और फ्रीज ईरानी संपत्तियां जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अभी भी गतिरोध बना हुआ है। हां रिपोर्ट में यह उम्मीद जताई गई है अगर 60 दिनों के अंदर समझौता हो जाता है तो इसको संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव के रूप में मंजूरी दी जाएगी। जाहिर है अभी यह तो नहीं कहा जा सकता कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई महत्वपूर्ण समझौता हो गया है, लेकिन अगर ईरान कह रहा है कि होर्मुज को लेकर फिल्हाल बात हो रही है और उस पर लगभग समझौता हो गया है तो यह भी दुनिया के लिए एक बड़ी खबर है। लेकिन एक बात यहां यह भी साफ हो जाती है कि ईरान होर्मुज से अपना नियंत्रण छोड़ने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं है। अब आगे क्या होता है यह देखने वाली बात होगी, क्योंकि दोनों ही पक्षों के बीच अविश्वास इतना गहरा है कि कब कौन पीछे हट जाए कहा नहीं जा सकता, विशेषकर अमेरिकी राष्ट्रपति के संबंध में तो यह बात पूरी तरह लागू होती है। फिल्हाल तसल्ली की बात यही है कि बातचीत सही दिशा की तरफ बढ़ती दिखाई दे रही है।

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## छात्रों के लिए यह जीवन मरण का सवाल



देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है, देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले कॉमेडी हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं, मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती, हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है, एसएससी जीडी परीक्षा के एक केंद्र पर 800 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जबकि बैठने की व्यवस्था 250 छात्रों के लिए थी।

**-कन्हैया कुमार, प्रभारी, एनएसयूआई**

# सीबीएसई का डिजिटल प्रयोग बना छात्रों की सबसे बड़ी परीक्षा



**प्रो. आर.के. जैन**



जब सुधार के नाम पर व्यवस्था ही संकट बन जाए, तब शिक्षा तंत्र पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सीबीएसई ने 2026 में कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली लागू की, जिसे पारदर्शिता और गति की दिशा में बड़ा कदम माना गया। उद्देश्य था निष्पक्ष और त्रुटिरहित मूल्यांकन, लेकिन वास्तविकता ने लाखों छात्रों का भरोसा तोड़ दिया। धुंधली स्कैनिंग, गलत उत्तर पुस्तिकाओं का अपलोड, कई उत्तरों का बिना जांच छूटना और पोर्टल की तकनीकी विफलताओं ने वर्षों की मेहनत पर संकट खड़ा कर दिया। नतीजतन पास प्रतिशत गिरकर 85.2 प्रतिशत पर आ गया, जो सात वर्षों का सबसे निचला स्तर रहा। कई मेधावी छात्र अचानक कम अंकों से स्तब्ध रह गए। यह केवल तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि सपनों पर पड़ा गहरा आघात बन गया।

जहां शिक्षा सपनों को उड़ान देती है, वहीं डिजिटल अव्यवस्था ने हजारों छात्रों के भविष्य पर विराम लगा दिया। जेईई मेन पास करने वाले कई मेधावी छात्र ओएसएम की खामियों के कारण क्लास 12 में अपेक्षित अंक नहीं ला सके। कई मेधावी छात्र अपेक्षित अंकों (विशेषकर 75 प्रतिशत कट-ऑफ) से पीछे रह गए, जिससे एनआईटी/आईआईटी आदि में प्रवेश प्रभावित हुआ। फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और इंग्लिश में अप्रत्याशित कम अंकों ने वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कोचिंग का खर्च, जागी रातें और सुनहरे सपने एक तकनीकी गड़बड़ी के आगे बिखरते दिखे। यह केवल रिजल्ट की भूल नहीं, बल्कि युवाओं के करियर और आत्मविश्वास पर गहरा आघात है।


जब एक गलती मार्कशीट से निकलकर मन तक पहुंच जाए, तब उसका असर सबसे भयावह हो जाता है। पूरी मेहनत और समर्पण से तैयारी करने वाले हजारों छात्र अचानक चिंता, निराशा और मानसिक दबाव में घिर गए। सोशल मीडिया पर उठते हमारी मेहनत क्यों बर्बाद? जैसे सवाल व्यवस्था की संवेदनहीनता उजागर करने लगे। कई विद्यार्थियों की नींद छिन गई, परिवार तनाव में डूब गए और कॉलेज एडमिशन की डेडलाइन ने युवाओं को टूटन के कगार पर पहुंचा दिया। शिक्षा का उद्देश्य आत्मविश्वास जगाना है, न कि युवाओं को असुरक्षा में धकेलना। लेकिन सीबीएसई की लापरवाही ने हजारों घरों की शांति और भरोसा दोनों हिला दिए। डिजिटल गलती का यह प्रभाव अब केवल स्क्रीन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि घर-घर की बेचैनी बन गया। जब जांच की प्रक्रिया ही भरोसे के संकट में घिर जाए, तब सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि पूरा परिणाम दोबारा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। जिन स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र स्वयं स्पष्ट रूप से नहीं पढ़ पा रहे, उसी डिजिटल प्रारूप में निष्पक्ष री-इवैल्यूएशन कैसे संभव माना जाए? यही कारण है कि मैनुअल री-चेकिंग की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है। शिक्षक जब वास्तविक कॉपी देखकर जांच करते हैं, तब वे लिखावट, उत्तर की संरचना और सोच की क्रमबद्धता को बेहतर समझ पाते हैं। इसके विपरीत ओएसएम में धुंधली इमेज, सीमित .श्यता और स्क्रीन थकान के कारण कई सही उत्तर भी अनदेखे रह गए। यही कारण है कि प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग या पूर्ण समीक्षा की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है।

डिजिटल व्यवस्था की चमक उस समय बिखर गई, जब पोर्टल की खामियां छात्रों के लिए नई परेशानी बन गईं। उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने और री-इवैल्यूएशन के लिए छात्रों को घंटों पोर्टल पर जूझना पड़ा, लेकिन बार-बार तकनीकी गड़बड़ियों ने पूरी प्रक्रिया को अव्यवस्थित बना दिया। पेमेंट फेल होने के बावजूद राशि कट जाना, कैप्चा गायब होना और आवेदन 'पेंडिंग' रहना जैसी समस्याओं ने तनाव कई गुना बढ़ा दिया। कई छात्रों को आर्थिक नुकसान झेलने के बाद भी प्रक्रिया अधूरी और अनिश्चित बनी रही। सीबीएसई द्वारा फीस कम करना और डेडलाइन बढ़ाना राहत जरूर है, पर यह केवल अस्थाई उपाय है। असली संकट कमजोर डिजिटल ढांचे का है। तकनीक तभी वरदान बनती है, जब उसकी नींव मजबूत, सुरक्षित और भरोसेमंद होय अन्यथा वही सुविधा शिक्षा पर अतिरिक्त बोझ बन जाती है। एक तकनीकी गलती छात्रों की प्रतिभा तय नहीं कर सकती, लेकिन उसने सीबीएसई की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ओएसएम की खामियों ने साफ कर दिया कि चूक प्रणाली की है, छात्रों की मेहनत की नहीं। जेईई मेन जैसी कठिन परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों की योग्यता किसी पोर्टल त्रुटि से कम नहीं हो जाती। ऐसे समय में छात्रों को अपना आत्मविश्वास और तैयारी बनाए रखनी चाहिए। नए कौशल और वैकल्पिक अवसर आगे की राह मजबूत करेंगे। सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि संघर्ष और धैर्य से तय होती है। यह संकट छात्रों का नहीं, बल्कि सीबीएसई की डिजिटल व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बन गया है। अब जिम्मेदारी सीबीएसई और नीति-निर्माताओं की है। शिक्षा व्यवस्था में भरोसा लौटाना है, तो केवल सफाई नहीं, ठोस सुधार जरूरी हैं। आई-आई-टी जैसे संस्थानों की मदद से ओएसएम प्रणाली को मजबूत बनाया जा सकता है। प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग तुरंत शुरू होनी चाहिए। जब डिजिटल मूल्यांकन पर इतने सवाल उठ चुके हैं, तो पूरा परिणाम दोबा. रा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। शिक्षा मंत्री ने रिपोर्ट मांगी है, लेकिन अब जरूरत निर्णायक कार्रवाई की है। छात्रों की आवाज आज शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता की सबसे बड़ी परीक्षा बन चुकी है। जब एक तकनीकी व्यवस्था लाखों सपनों को संदेह में डाल दे, तब यह केवल रिजल्ट की गड़बड़ी नहीं रह जाती, बल्कि पूरी डिजिटल शिक्षा प्रणाली पर सवाल बन जाती है। जब लाखों छात्र एक साथ प्रभावित हों, तब चुप्पी समाधान नहीं बन सकती। यदि सीबीएसई छात्र हित को केंद्र में रखकर मैनुअल री-चेकिंग और तकनीकी सुधार लागू करे, तो खोया भरोसा लौट सकता है। अब बोर्ड को स्वनिर्णय लेते हुए पूरे परिणाम की निष्पक्ष मैनुअल समीक्षा करानी चाहिए। छात्रों को भी अपनी मेहनत और संघर्ष पर विश्वास बनाए रखना होगा। यह कठिन दौर बीत जाएगा, प्रणाली सुधरेगी, लेकिन युवाओं की लगन ही देश का असली भविष्य तय करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अनोखे बीटल्स जो आपको खुशबू से ठगते हैं

**मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो. चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते।**



छल-धोखा सिर्फ हमारे साथ नहीं होता। जीवजगत में भी कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां एक जीव अपने फायदे के लिए दूसरे जीव का इस्तेमाल करता है। जैसे, कुछ ऑर्किड के फूल मधुमक्खियों को छलते हैं। इन ऑर्किड के फूलों का रूप-रंग मादा मधुमक्खी की तरह होता है और वे उन्हीं की तरह महक बिखेरते हैं। मादा की तलाश कर रहीं नर मधुमक्खी इन फूलों पर चली जाती हैं। संभोग तो होता नहीं लेकिन संभोग की कोशिश में उनके शरीर पर ऑर्किड के परागकण चिपक जाते हैं। ऑर्किड का परागण हो जाता है, बदले में मधुमक्खी को कुछ नहीं मिलता।

वैज्ञानिकों को अब ऐसी ही एक और धोखाधड़ी के बारे में पता चला है। इसमें मधुमक्खियों को धोखा देते हैं भृंग यानी बीटल्स ब्लिस्टर बीटल के लार्वा फूल जैसी महक बिखेरते हैं, जिससे मधुमक्खियां उनके पास खिंची चली आती है। फिर, लार्वा मधुमक्खी से चिपक जाते हैं, चिपके-चिपके उनके छत्तों में पहुंच जाते हैं और उनके अंडे खा जाते हैं।

मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो. चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते। जांच के लिए वे जर्मनी के घास के मैदानों से 40 युरो. पियन ब्लैक ऑयल बीटल (Meloe proscarabaeus) इकट्ठा करके प्रयोगशाला ले आए। यहां बीटल्स ने प्रजनन किया और हजारों अंडे दिए। अंडे से निकलने के बाद लार्वा प्रयोगशाला की घास पर चढ़ गए। कैंथेरीडिन रसायन से बनने वाले फफोलों से बचने के लिए दस्ताने पहनकर आलम ने लार्वा इकट्ठा किए और उन्हें मसल दिया। फिर उन्होंने इस लार्वा-चटनी की गैस क्रोमैटोग्राफी की और देखा कि इसमें कौन-कौन-से रसायन मौजूद हैं। उन्हें लार्वा में मोनोटर्पिनॉइड्स नामक कुछ अणु मिले। ये कीटों में तो कम मिलते हैं, लेकिन पौधों में आम तौर पर पाए जाते हैं। लार्वा में सबसे अधिक पाए गए आठ अणुओं में से कई प्राय: फूलों में पाए जाते हैं।

जैसे लिनेलूल ऑक्साइड और लिलेक एल्डिहाइड। फूलों में ए रसायन परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन फूलों में पाए जाने वाले रसायन किसी कीट में मिलना हैरानी की बात थी। तो सवाल था कि क्या वाकई कीट में मौजूद ए रसायन मधुमक्खियों को न्यौता देते हैं? इसे जांचने के लिए शोधकर्ताओं ने एक Y-शेप का रास्ता बनाया, जिसका एक रास्ता बीटल-लार्वा से बिखेरी गई खुशबू की ओर जाता था और दूसरा रास्ता व्हीटग्रास की खुशबू की ओर। मधुमक्खी दोनों में से कोई एक खुशबू चुन सकती थीं। रेड मेसन मधुमक्खियों (Osmia bicornis) और बेयर-सैडल्ड सेलोफेन मधुमक्खियों (Colletes similis), दोनों ने व्हीटग्रास की बजाय लार्वा से निकलने वाली फूल-जैसी खुशबू का मार्ग चुना। शोधकर्ताओं ने यह भी पता लगाया कि बीटल लार्वा फूल जैसे रसायन कैसे बनाते हैं। पता चला कि उनमें इन रसायनों का निर्माण उन्हीं एंजाइम्स से होता है, जिनसे ये पौधे में बनते हैं। मादा-सरीखी खुशबू फैलाने की बजाय फूल-जैसी खुशबू बिखेरने से फायदा यह है कि इस खुशबू से नर और मादा दोनों मधुमक्खियां आकर्षित होती है। और सिर्फ मादा मधुमक्खियां ही अपने छत्ते में वापस लौटती हैं, नर नहीं। तो क्यों न छत्ते तक पहुंचने के लिए नर को छोड़कर सीधे मादा से लिफ्ट ली जाए। लार्वा वसंत की शुरुआत में, असली फूल खिलने से पहले, घास के तनों पर चढ़ जाते हैं। और उन्हें फूल समझकर बेचारी मधुमक्खियां उनके पास खींची चली आती हैं और ठगी जाती हैं। हो सकता है इस तरह की महकती नकल जीवजगत में और भी आम हो, जिन पर लोगों का ध्यान न गया हो।

**-स्रोत फीचर्स**

# एक मंच पर आने की रणनीति बना रहीं नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां

**यशोदा श्रीवास्तव**



भारत के पांच प्रदेशों में हुए चुनाव परिणाम का असर नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टियों पर पड़ा है। पश्चिम बंगाल जो कभी कम्युनिस्ट का न केवल गढ़ था, वहां लंबे समय तक कम्युनिस्ट की सरकार रही है, इस चुनाव में तो उसका नामलेवा तक कोई नहीं बचा। जबकि एक वक्त था जब बंगाल में लगातार 12 वर्षों तक उसकी सरकार रही है।त्रिपुरा में कम्युनिस्ट अब नहीं है। बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से उसका सफाया हो गया। ले दे कर एक केरलम था जहां कम्युनिस्ट की सरकार बची हुई थी। इस चुनाव में यहां से भी उसका सफाया हो गया।

भारत के इन चुनाव परिणामों से नेपाल के कम्युनिस्ट दलों में बौखलाहट स्वाभाविक है क्योंकि किसी न किसी रूप में नेपाली कम्युनिस्ट दलों को भारत के कम्युनिस्ट पार्टियों से खाद पानी मिलता रहता था। नेपाल के कम्युनिस्ट दलों की चिंता यह है कि एक तो नेपाल में भी वे कमजोर हो गए दूसरे उनकी हौसला अफजाई करने वाले भारत के कम्युनिस्ट दल भी हासिए पर आ गए। भारत में कम्युनिस्ट पार्टियों का हश्र देख नेपाल के प्रमुख कम्युनिस्ट नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड नेपाल में कम्युनिस्ट विच. ारधारा को बचाने की कोशिशों में जुट गए हैं। उन्होंने टुकड़ों में बंटे कम्युनिस्ट दलों को एक मंच पर आने की जरूरत बताते हुए कहा कि दुनिया से कम्युनिस्ट विच. ारधारा को खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। इसे समझना होगा वरना हम सब मारे जाएंगे।

पिछले दिनों काठमांडू में 26 वें निर्मल लामा दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए प्रचंड ने कहा कि देश के भीतरी और बाहरी प्रतिक्रिया वादी ताकतें नेपाल के कम्युनिस्ट आंदोलन को नेस्तनाबूद करने की साजिश में लगी हुई है। ऐसा कहकर प्रचंड ने नेपाल की राजनीति में एक नई बहस की शुरूआत कर दी है। प्रचंड ने भारत का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि यदि नेपाल के कम्युनिस्ट दलों ने इस वास्तविकता को स्वीकार कर आत्ममंथन नहीं किया, तो यह श्रमिक वर्ग और उनकी आकांक्षाओं के साथ अन्याय होगा। प्रचंड ने श्रमिक वर्ग का जिक्र इसलिए किया ताकि इसका संदेश विश्व स्तरीय हो।

उन्होंने कहा, कम्युनिस्ट आंदोलन को नेपाल से समाप्त करने के लिए देशी-विदेशी प्रतिक्रियावादी शक्तियां बड़े डिजाइन के तहत काम कर रही हैं। यदि हम इस सच्चाई को स्वीकार नहीं करते, तो हम जान-बूझकर या अनजाने में श्रमजीवी वर्ग के साथ विश्वासघात करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नेपाल के कम्युनिस्ट दलों को सबसे पहले अपने भीतर आत्मसमीक्षा करनी चाहिए और अपनी कमजोरियों को सुधारना चाहिए।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की मांग है कि सभी कम्युनिस्ट शक्तियां एकजुट होकर नए ढंग से आंदोलन को आगे बढ़ाएं। प्रचंड ने साफ कहा कि नेपाली जनता भी चाहती है कि सभी कम्युनिस्ट दल एकजुट होकर देश के राजनीतिक भविष्य को आगे बढ़ाएं। प्रचंड का यह विचार सामने आते ही विभिन्न धड़ों में बंटे हुए कम्युनिस्ट दलों के एक मंच पर आने की संभावना को लेकर बहस छिड़ गई है। बताने की जरूरत नहीं कि नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा राजशाही के जमाने से ही काफी मजबूत रही है। एक बार नेपाली कांग्रेस के स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के समर्थन से बनी प्रखर कम्युनिस्ट नेता स्वर्गीय मनमोहन अधिकारी के नौ महीने के शासन को आज भी याद किया जाता है। वहीं राजशाही खत्म होने के बाद सत्ता में प्रचंड के नेतृत्व में आई पहली कम्युनिस्ट सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल रही। प्रचंड को नौ महीने में ही सरकार छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। उसके बाद आते जाते रहे सभी कम्युनिस्ट सरकारों का कार्यकाल बेहतर नहीं रहा। कभी नेपाली कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी सरकार में आई तो कभी कम्युनिस्ट पार्टी के समर्थन से नेपाली कांग्रेस सत्ता में आती रही,सभी के सभी जनता की अपेक्षा पर खरा उतरने में कामयाब नहीं रहे। यही वजह है कि नाराज जनता ने एक दम नई पार्टी ष्जिसे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नाम से जाना जाता है ष को भारी बहुमत से सत्ता सौंप दी जिसके प्रधानमंत्री हैं काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह। बालेन शाह का अभी तक जो कार्यकाल है,वह बहुत परिवर्तन कारी नहीं दिख रहा। नेपाल के एक राजनीतिक टिप्पणीकार ने क्या खूब कहा कि बालेन शाह नेपाल को एक नगर-निगम की भांति चला रहे हैं। नेपाल में लगभग गुम हो गई कम्युनिस्ट पार्टियां क्या फिर वापसी कर पाएंगी, इस बाबत कोई दावा नहीं किया जा सकता लेकिन नेपाल की जनता के मूड का भी कोई भरोसा नहीं। जब वह नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों को एक झटके में खारिज कर सकती तो बालेन शाह क्या हैं? बतौर प्रधानमंत्री जब बालेन शाह के अबतक कार्यकाल की समीक्षा करें तो इसमें आम जनता के लिए कुछ खाश नहीं है। सुकंबासी कहे जाने वाले एक बड़े वर्ग के घरों को उजाड़ कर उन्हें नाराज कर दिया गया है। ऐसे लोगों की आबादी करीब 20 लाख है। ए लोग कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाली कांग्रेस के वोटर हुआ करते थे। सुकंबासी परिवारों का कोई न कोई सदस्य अमेरिका और अन्य देशों में रोजगार के सिलसिले में रहता है। इन सदस्यों के कहने पर इस बार सुकंबासियों का वोट राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को झूम कर मिला। फिलहाल बहुत कम समय में ही इस समुदाय का मोह बालेन शाह सरकार से भंग हो गया, ऐसा जान पड़ रहा है। नेपाल के आर्थिक समृद्धि में मारवाड़ी समाज का भी योगदान कम नहीं है। पूरे नेपाल में इनकी भी आबादी लाखों में है। ए नेपाल के हर क्षेत्र में फैले हुए हैं। वीरगंज में इस समुदाय के लोगों का भी घर उजाड़ दिया गया है। इससे पूरे नेपाल के मारवाड़ी समुदाय सरकार से खफा है। भारत नेपाल सीमा पर सामानों की खरीदारी पर सख्त प्रतिबंध से नेपाल के तराई वासी भी बालेन सरकार से नाराज हो गए। इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवारों को तराई वासियों ने भर भर कर वोट दिया था।

नेपाल उच्च न्यायालय ने बालेन सरकार के इस फैसले पर रोक लगा दी है लेकिन राजनीतिक रूप से बालेन शाह का नुकसान तो हुआ ही। बालेन सरकार के इन फैसलों का विरोध नेपाली कांग्रेस ने भी किया और कम्युनिस्ट पार्टियों ने भी। बालेन सरकार के हर उस कदम पर विपक्ष खासकर कम्युनिस्ट पार्टियों की नजर है जो जनता के माफिक न हो। नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टियों की नजर बालेन सरकार के विदेश नीति पर भी और राजदूतों की संभावित नियुक्तियों पर भी टिकी हुई है।बालेन शाह की सरकार कई अंतर्राष्ट्रीय विषयों को लेकर कंफ्यूज दिख रही है। पिछले दिनों उन्होंने अमेरिका से आए ट्रंप के खास दूत से मुलाकात नहीं की और अभी हाल ही भारत के विशेष दूत विक्रम मिसरी से भी वे नहीं मिले। दोनों बड़े देशों के सरकारों की ओर से भेजे गए विशेष दूतों से न मिलने का कारणों पर भी कम्युनिस्ट दलों की बारीक नजर है। पहले की सरकारों में नेपाल भारत और चीन के करीब रहा है। अब यहां अमेरिका हावी होता हुआ दिख रहा है। बालेन शाह बतौर प्रधानमंत्री अभी किसी देश के दौरे पर नहीं गए हैं। 11 मई को उनका भारत दौरा प्रस्तावित था जो किन्हीं कारणों से नहीं हो पाया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां उनके विदेशी दौरे की प्राथमिकता पर भी नजर गड़ाए हुए हैं। कुल मिलाकर नेपाल के राजनीति में यह देखा जा रहा है कि 2026 के चुनाव में हासिए पर आ आ गई नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां एक ओर जहां अंदरखाने एक मंच पर आने की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है वहीं बालेन सरकार के आंतरिक और विदेशी नीतियों पर खामोशी से नजर गड़ाए हुए हैं। नेपाल राजनीति को अंदर तक समझने वाले विश्लेषकों का कहना है कि नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां यदि एक मंच पर आने में कामयाब हो गई तो अभी भले नहीं, आने वाले दिनों में बालेन शाह सरकार के समक्ष बड़ी चुनौती पेश कर पाने में सफल जरूर होंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)





# लेबनान में इजरायली सेना की बमबारी, 31 की मौत

## अमेरिकी मध्यस्थता में युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद अब तक की सबसे भारी बमबारी

**अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं**


**बेरुत।** दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना की भीषण बमबारी में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है। अप्रैल के मध्य में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद से यह अब तक की सबसे भारी बमबारी मानी जा रही है।

ये हवाई हमले बेका घाटी के मशघरा गांव, दक्षिणी शहर बुर्ज अल-शमाली और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करीब 900 साल पुराने मध्ययुगीन किले 'ब्यूफोर्ट कैसल' के आस-पास के इलाकों में किए गए हैं। हवाई हमलों के अलावा इजरायल के थल सेना भी लेबनान के इलाके में काफी भीतर तक दाखिल हो रही है। इसके साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के शहरों और गांवों को खाली करने के लिए कहा जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं। सुरक्षित बचे लोगों में सात साल का मोहम्मद भी शामिल है, जो उस समय सो रहा था, जब एक मिसाइल ने उसके घर को तबाह कर दिया। इस हमले में मोहम्मद के पिता और उसकी दो बहनों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमलों में दक्षिणी लेबनान के मशघरा और बुर्ज अल-शमाली को भी निशाना बनाया गया है। सरकारी मीडिया ने कहा कि कुछ हमले ब्यूफोर्ट कैसल के करीब हुए हैं। यूनेस्को ने करीब 900 साल पुराने इस किले को इस इलाके में 'मध्ययुगीन किलों के सबसे सुरक्षित बचे हुए उदाहरणों में से एक' के रूप में मान्यता दी है। ईरान युद्ध के 89वें दिन इजरायल के हमलों में काफी तेजी आई है।













## अमेरिकी सीनेटर ने ईरान युद्ध को लेकर ट्रम्प पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर ने 'एक और अंतहीन युद्ध शुरू करने' के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तीखी आलोचना की है और दावा किया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है। सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे सीनेटर वॉर्नर ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में ट्रम्प पर वादे तोड़ने और महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दावा कर रहे हैं कि युद्ध खत्म होने वाला है, लेकिन सच यह है कि अमेरिका अब भी ईरान पर हमले कर रहा है। वह अपना हर वादा तोड़ रहे हैं। नए अंतहीन युद्ध शुरू कर रहे हैं और हर चीज की कीमतें बढ़ा रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब एक तरफ बातचीत की रफ्तार बेहद धीमी है, तो दूसरी तरफ अमेरिका ने सोमवार को दक्षिणी ईरान पर नए हमले किए हैं।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा ।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

## अफ्रीकी देशों से अहमदाबाद आए 11 लोग आइसोलेशन में

**बेंगलुरु।** अफ्रीकी देशों में इबोला वायरस फैलने के चलते युगांडा, दक्षिण सूडान और कांगो से अहमदाबाद आए 11 मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। अहमदाबाद कार्पोरेशन के अधिकारी डा. भाविन सोलंकी ने बताया कि प्राथमिक जांच में इनमें से कोई भी संदिग्ध नहीं पाया गया है। लेकिन, एहितायन यह कदम उठाया है। वहीं, भारत सरकार ने बुधवार को बताया कि देश में इबोला वायरस से जुड़ा एक भी मामला नहीं है। सरकार को यह स्पष्टीकरण इसलिए देना पड़ा क्योंकि युगांडा से भारत आई एक महिला में इबोला जैसे लक्षण देखे गए थे।

